11 हरियाणा बटालियन एन सी सी द्वारा मनाए जा रहे एन सी सी सप्ताह के तहत आज प्रथम स्तर में ट्रैफिक नियमों की पालना हेतू जागरूकता रैली एवं द्वितीय स्तर में एन सी सी की राष्ट्र निर्माण में भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं आजादी का महोत्सव विषय पर रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वैश्य महाविद्यालय भिवानी में विभिन्न महाविद्यालयों से आए एन सी सी कैडेट्स ने भाषण, रंगोली, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रथम स्तर में जिला इंस्पेक्टर सरोज, सब इंस्पेक्टर रामनिवास, ए एस आई विजेन्द्र ने विभिन्न महाविद्यालयों से आए कैडेट्स को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि हमें ट्रैफिक नियमों का जीवन में दृढता से पालन करना चाहिए। उन्होने कहा कि हेल्मेट की महता को समझते हुए हमें हेल्मेट को बोझ नहीं समझना चाहिए क्योंकि हेल्मेट बोझ नहीं अपितू जीवन रक्षक का कार्य करता है। यातायात जागरूकता के तहत लाला लाजपतराय चौक पर वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया एवं नियम तोडने वाले चालकों को फूल भेंट किए।



# Traffic Awareness & Road Safety on 24.11.2021







Rangoli & Poster making on 25.11 2021





# Cultural, Drill, Section Battle Drill on 26.11.2021





swachhta Abhiyan on 27.11.2021

# पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है पौधरोपण



**भिवानी।** 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी एवं वैश्य महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एनसीसी सप्ताह के अंतिम दिन एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर साप्ताहिक समारोह का समापन किया। सुरेश गुप्ता, महासचिव प्रबंध समिति वैश्य महाविद्यालय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना जरूरी। प्राचार्या डॉ. सुधा रानी ने कहा कि पेड़-पौधो का हमारे जीवन से सीधा संबंध है वृक्ष न केवल हमे ऑक्सीजन प्रदान करते है वरन हमारी जीविका से भी जुड़े हुए है। इस अवसर पर डॉ. मनीष कुमार, डॉ. संजय गोयल, डॉ. पवन कुमार गुप्ता, डॉ. वंदना वत्स, डॉ. पूनम वर्मा, डॉ. रीना, कमल भारद्वाज, सुदेश शर्मा, सुबेदार राजकुमार सिंह, सुबेदार सुरेंद्र सिंह, सीएचएम गितेश, हवलदार जोगेंद्र सिंह उपस्थित रहे। संवाद

# पर्यावरण शुद्धि को कैडेट्स ने गोद लिए वृक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकरी व एनसीसी कैडेट्स। *फोटो : हरिभूमि*

11 हरियाणा बटालियन एनसीसी एवं वैश्य महाविद्यालय द्वारा आयोजित एनसीसी सप्ताह के अंतिम दिन एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में वुक्षारोपण कर साप्ताहिक समारोह का समापन किया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पधारे सुरेश गुप्ता, महासचिव प्रबन्ध समिति वैश्य महाविद्यालय, भिवानी ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि जहा आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती का सामना कर रहा है वही हमारे देश के हालात अत्यधिक चिंतनीय है। पूरा एनसीआर क्षेत्र स्मॉग के प्रभाव में है। एनसीआर सांस लेना भी दुभर हो गया है। प्रदूषण आज एक गम्भीर समस्या बना हुआ है। इस आबोहवा को ठीक करने का एक मात्र समाधान वृक्षारोपण है ताकि हम आगे आनी वाली पीढ़ी को शुद्ध पर्यावरण दे पाए। पर्यावरण शुद्धी के लिए एनसीसी कडैट्स न केवल ज्याादा से ज्यादा वृक्ष लगाए अपितु उनकी देखभाल भी करे, उन्हें गोद ले। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं एक पौधा लगाा कर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंम्भ किया। एनसीसी कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए प्राचार्या डॉ. सुधा रानी ने कहा कि पेड़-पौधो का हमारे जीवन से सीधा संबंध है वृक्ष न केवल हमे आक्सीजन प्रदान करते है वरन्-हमारी जीविका से भी जुड़े हुए है। ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाकर हम अपने पर्यावरण की सुरक्षा कर सकते है। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सुधा रानी ने भी एक वृक्ष को गोद लिया। एनसीसी अधिकारी डॉ. मनीष कुमार ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स ने पूरे सप्ताह विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स का प्रदर्शन अति सराहनीय रहा। शिविर के समापन पर कैप्टन अनिल तंवर ने सभी अतिथियों का धन्यवाद प्रकट किया।

# Tree plantation camp on 28.11.2021







# NCC Blood donation camp on 11.2.2022

# Vaish College, Bhiwani

---

ASSESSMENT

2022-2023

YEAR





भिवानी : वैश्य महाविद्यालय में 76 वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने ध्वजा रोहण किया। समारोह में वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता, वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के महासचिव पवन कुमार बुवानीवाला, वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव सुरेश गुप्ता, वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के कोषाध्यक्ष बृजलाल सर्राफ, कर्नल आरके परमार, प्राचार्य डा. संजय गोयल, डा. सुधा रानी, वैश्य महाविद्यालय के डिपार्टमेन्ट आफ मैनेजमेन्ट एवं कम्प्यूटर साईस की डायरेक्टर डा. प्रोमिला सुहाग एवं एनसीसी अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार तंवर व डा. मनीष कुमार मौजूद रहे। समारोह में मंच का सफल संचालन डा. हरिकेश पंघाल ने किया। ● जागरण

हिसार, बुधवार 17 अगस्त, 2022 | 03

## धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह



भिवानी| स्वतंत्रता सेनानियों के कड़े संघर्ष के बाद देश को आजादी मिली। शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह बात वैश्य महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित समारोह में ध्वजारोहण करते हुए वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने कही।




# Celebration of Independence day Dated 15-08-2022

# कैडेट्स एकता एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ें : डा. संजय



कैडेट्स को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डा. संजय गोयल।

भिवानी, 23 अगस्त (ब्यूरो): एन.सी.सी. एकता एवं अनुशासन को साथ लेकर कैडेट्स में नया जोश भर रहा है। कैडेट्स को भी चाहिए कि वो एकता एवं अनुशासन के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े तभी उच्च पदों पर पहुचा जा सकता है।

यह बात 11 हरियाणा बटालियन एन.सी.सी. की तरफ से एक भारत श्रेष्ठ भारत-इंडिपैंडैंस कैंप 2022 में रजत पदक जीतकर लौटे वैश्य महाविद्यालय की एन.सी.सी. यूनिट के सार्जेंट सागर का महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय गोयल ने कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि एन.सी.सी. युवाओं में सेवा की भावना का प्रसार करने का बेहतरीन माध्यम है, जो कि युवाओं में चरित्र निर्माण, मानवता की सेवा एवं आपसी प्रेम एवं भाईचारे को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती है। आज सार्जेंट सागर का वैश्य महाविद्यालय भिवानी में पहुंचने पर स्वागत किया गया।

सार्जेंट सागर ने 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी भिवानी की तरफ से एक भारत श्रेष्ठ भारत- इंडिपेंडेंस कैंप 2022 जो कि जालंधर में 21 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित हुआ था। इस कैंप में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व चंडीगढ़ के कैडेट्स ने भाग लिया था।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय गोयल, एन.सी.सी. यूनिट के प्रभारी कैप्टन डा. अनिल तंवर, सह प्रभारी डा. मनीष कुमार, डा. कृष्ण कुमार, महाविद्यालय की रजिस्ट्रार डा. वंदना वत्स, कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज व महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यगण मौजूद रहे।

# कैडेट्स एकता एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ें : गोयल



वैश्य कालेज में रजत पदक विजेता एनसीसी यूनिट के सार्जेंट सागर को सम्मानित करते हुए।

जागरण संवाददाता, भिवानी : एनसीसी एकता एवं अनुशासन को साथ लेकर कैडेट्स में नया जोश भर रहा है। कैडेट्स को चाहिए कि वो एकता एवं अनुशासन के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें तभी उच्च पदों पर पहुंचा जा सकता है। यह बात 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी भिवानी की तरफ से एक भारत श्रेष्ठ भारत-इंडिपेंडेंस कैंप 2022 में रजत पदक जीतकर लौटे वैश्य महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट के सार्जेंट सागर का महाविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्राचार्य डा. संजय गोयल ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कही। इस कैंप में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व चंडीगढ़ के कैडेट्स ने भाग लिया था। इस कैंप में प्रदर्शन के आधार पर सार्जेंट सागर का चयन आइडीसी कैंप दिल्ली के लिए हुआ। उन्होंने पंद्रह अगस्त को पंजाब हरियाणा हिमाचल प्रदेश चंडीगढ़ डायरेक्टरेट की तरफ से हरियाणा की संस्कृति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने लाल किले पर प्रस्तुत किया।

महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट के प्रभारी कैप्टन डा. अनिल तंवर ने बताया सागर एक प्रतिभावान एनसीसी कैडेट है जिसने आइडीसी के कैंपों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। इस अवसर पर महाविद्यालय सह प्रभारी डा. मनीष, डा. कृष्ण कुमार, रजिस्ट्रार डा. वंदना वत्स, कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## Felicitation Programme for Silver Medal Winner Sagar Dated 23-08-2022

अनुज राणा
SAMACHAR SEVAK
समाचार सेवक



# वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एन सी सी ईकाई के कैडेटसो ने एटीसी कैंप में लहराया परचम

**भिवानी,**

11 हरियाणा एन सी सी बटालियनद्वारा एटीसी कैंप का आयोजन 8 नवंबर से 15 नवंबर तक बीआरसीएम बहल मे किया गया। जिसमें बटालियन के अधीन आने वाले जिले के विभिन्न कालेजों के केडेट्स ने भाग लिया।

इस कैंप में वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एन सी सी ईकाई के कैडेटसो ने विभिन्न विधाओ मे भाग लेते हुए प्रशंसनीय प्रदर्शन किया।आज महाविधालय प्रांगण में महाविधालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ.सुधा चौहान के सानिध्य में उनका सम्मान किया गया।महाविद्यालय की एन सी सी ईकाई के अधिकारी

ए एन ओ डॉ. अनिल कुमार, डॉ.रीना,डॉ.मनीष कुमार ने बताया कि कॉलेज के सीनियर अंडर ऑफिसर तरुण को कैंप सीनियर और गार्ड के लिए सर्वश्रेष्ठ कैडेट का सम्मान दिया गया।

अंडर ऑफिसर रजनी को बेस्ट कमांड एंड कंट्रोल के लिए सम्मानित किया गया। सार्जेंट स्वाति, भूमि शेखावत, सचिन योगेश और विशाल को शिविर में बेस्ट कैडेट के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कैडेट मोनिका ,मनीषा ,संगीता ईशु ,नेहा ,मुस्कान ,नविता ,प्रिया प्रियंका को कल्चरल एक्टिविटीज के लिए सम्मानित किया गया वहीं कैडेट विनय और सागर को बेस्ट कमांड एंड कंट्रोल के लिए सम्मानित किया गया। कैडेटस देवेंद्र और आकाश को टर्न आउट एंड डिसिप्लिन के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. सुधा रानी ने कैडेट्स को बधाई दी और भविष्य में भी वैश्य महाविद्यालय का नाम इसी तरह रोशन करने के लिए प्रेरित किया, और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ में बाल दिवस मनाते हुए सभी कैडेट्स को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

दैनिक भास्कर भिवानी भास्कर 16-11-2022

# वैश्य महाविद्यालय की कैडेट्स ने विभिन्न विधाओं में किया सराहनीय प्रदर्शन

भास्कर न्यूज़ | भिवानी



11 हरियाणा एन सी सी बटालियन द्वारा एटीसी कैंप का आयोजन 8 नवंबर से 15 नवंबर तक बीआरसीएम बहल में किया गया। इस कैंप में वैश्य महाविद्यालय की एनसीसी ईकाई के कैडेट्स ने विभिन्न विधाओं में भाग लेते हुए प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। महाविद्यालय प्रांगण में कार्यवाहक प्राचार्या डॉ.सुधा चौहान के सानिध्य में उनका सम्मान किया गया। महाविद्यालय की एनसीसी ईकाई के अधिकारी एएनओ डॉ. अनिल कुमार, डॉ.रीना, डॉ.मनीष कुमार ने बताया कि कॉलेज के सीनियर अंडर ऑफिसर तरुण को कैंप सीनियर और गार्ड के लिए सर्वश्रेष्ठ कैडेट का सम्मान दिया गया। अंडर ऑफिसर रजनी को बेस्ट कमांड एंड कंट्रोल के लिए व सार्जेंट स्वाति, भूमि शेखावत, सचिन योगेश और विशाल को शिविर में बेस्ट कैडेट के लिए सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त कैडेट मोनिका, मनीषा, संगीता, ईशु, नेहा, मुस्कान, नविता, प्रिया, प्रियंका को कल्चरल एक्टिविटीज के लिए सम्मानित किया गया वहीं कैडेट विनय और सागर को बेस्ट कमांड एंड कंट्रोल के लिए सम्मानित किया गया। कैडेट्स देवेंद्र और आकाश को टर्न आउट एंड डिसिप्लिन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. सुधा रानी ने कैडेट्स को भविष्य में भी वैश्य महाविद्यालय का नाम इसी तरह रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

# Celebration of Winning of Overall Trophy in CATC Held at BRCM, Behal Dated 15-11-2022








# कैडेट्स हैं देश की सेकंड लाइन डिफेंस : कर्नल

## वैश्य महाविद्यालय में मनाया एनसीसी सप्ताह, प्रथम दिन पर्यावरण को किया समर्पित

भास्कर न्यूज़ | भिवानी

वैश्य महाविद्यालय में एनसीसी सप्ताह मनाते हुए प्रथम दिवस पर्यावरण को समर्पित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमांडिंग ऑफि सर कर्नल रजनीश मेहता, वैश्य महाविद्यालय के महासचिव पवन बुवानीवाला, प्राचार्य डॉ. संजय कुमार गोयल, सेल्फ फाइनेंस की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सिहाग, सूबेदार मेजर राजेश ठाकुर, बीएचएम श्रीभगवान विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने सरस्वती वंदना की।

महासचिव पवन बुवानीवाला ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एनसीसी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुख्य अतिथि कर्नल रजनीश मेहता ने एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी से होने वाले लाभों से अवगत करवाया तथा उन्होंने बताया कि किस प्रकार एनसीसी कैडेट तीनों सेनाओं थल सेना, जल सेना एवं वायु सेना में ऑफिसर रैंक प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनसीसी राष्ट्र की सेकंड लाइन ऑफ डिफेंस की भूमिका निभाती है। जब-जब युद्ध काल में राष्ट्र को आवश्यकता पड़ी है एनसीसी कैडेट्स ने हमेशा सेकंड लाइन ऑफ डिफेंस की भूमिका का अच्छे से निर्वहन किया है। कर्नल रजनीश मेहता ने एनसीसी कैडेट्स को पर्यावरण संरक्षण तथा अपने जन्मदिवस पर एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने की भी शपथ दिलाई।

भिवानी। वैश्य महाविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारी, कैडेट्स व शिक्षक।

**एनसीसी कैडेट्स को रैंक लगाकर किया सम्मानित :**

मुख्य अतिथि ने रैंक सेरिमनी के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स को रैंक लगाकर सम्मानित किया। रोहित, अमन, रितिक, सूरज, रवि, हरिओम, जितेंद्र, आकाश, नकुल, नीरज, शिवम, सज्जन, हिमांशु शर्मा, हिमांशु और गोविंद को कॉरपोरल रैंक तथा सागर, ओजस, सचिन, देवेंद्र सिंह, स्वाति, प्रियंका को सार्जेंट तथा अमित को कंपनी क्वार्टर मास्टर सार्जेंट, पुलकित रजनी, तरुण को अंडर ऑफिसर रैंक और अंकित को सीनियर अंडर ऑफिसर रैंक प्रदान किया गया। कैप्टन अनिल तंवर ने उपस्थित मुख्य अतिथि तथा सभी विद्वतजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी डॉ. मनीष कुमार, डॉ. रीना ने बताया कि संपूर्ण सप्ताह में सड़क सुरक्षा नियमों पर जागरूकता रैली, फायर सेफ्टी कार्यक्रम, पौधारोपण, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, रंगोली प्रतियोगिता, मेडिकल कैंप, ब्लड डोनेशन कैंप आदि का आयोजन किया जाएगा जो एनसीसी कैडेट्स के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी।

### प्रेमनगर में हुई फुटबॉल चयन प्रतियोगिता

भिवान | गांव प्रेमनगर के फुटबॉल खेल ग्राउंड में खेलो हरियाणा के अंतर्गत जिले की फुटबॉल लड़कों की टीम के लिए चयन प्रति ेगिता की। इस प्रति ेगिता में 60 से अधिक खिलाड यिों ने भाग लिया। चयन प्रति ेगिता कोच दीपक हुड्डा, नर्सरी कोच अजय सांगवान, सरपंच राजेश बूरा, अनुप मल्हान, कैप्टन कलम सिंह, जोगेन्द्र बूरा, क्लब सचिव मनोज, डीपीई अमित सांगवान की देखरेख में किया गया।

# Oath Taking Ceremony and Awareness Rally to take care of plants






दैनिक भास्कर | भिवानी भास्कर | 24-11-2022

## सामाजिक-शिक्षेत्तर गतिविधियां युवाओं के व्यक्तिगत विकास में सहायक : डॉ. संजय

भास्कर न्यूज | भिवानी

किसी भी देश की उन्नति में युवा अहम भूमिका अदा करता है। युवा पीढ़ी को चाहिए कि वे अपनी शिक्षा के साथ-साथ समाजिक एवं शिक्षेत्तर गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए देशहित में अपना अहम योगदान दें। तभी कोई भी देश उन्नति के शिखर पर नए आयाम स्थापित कर सकता है।

यह बात वैश्य महाविद्यालय की एनसीसी विंग के तत्वावधान में महाविद्यालय में चल रहे एनसीसी सप्ताह के तीसरे दिन पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, रंगोली प्रतियोगिता के शुभारंभ पर प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कही।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के कैडेट्स हर क्षेत्र में अपनी विजय पताका लहरा रहे हैं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मधुरानी, अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सरिता गोयल व अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका डॉ. मोनिका मित्तल ने निभाई।

भिवानी। वैश्य महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स के साथ प्राचार्य डॉ. संजय गोयल व स्टाफ।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिमांशु, द्वितीय स्थान शिवम तंवर व तृतीय स्थान संयुक्त रूप से नेहा व नेहा वाल्मीकि ने प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग कंपीटिशन में निर्णायक मंडल की भूमिका रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष सविता जैन, हिंदी विभाग की प्रवक्ता आशा रानी व सुरुचि गुप्ता ने निभाई। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा वाल्मीकि, द्वितीय स्थान दिव्या व तृतीय स्थान संयुक्त रूप से नेहा व कविता ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. अंजू राजन, डॉ. वंदना वत्स तथा डॉ. श्रुति रानी ने निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा व मुस्कान ने द्वितीय स्थान अंशु व प्रियंका ने तथा तृतीय स्थान नेहा सैनी व उर्वशी ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



### वैश्य कॉलेज प्रांगण में एनसीसी कैंप का आयोजन

## नेहा पोस्टर, स्लोगन व रंगोली स्पर्धाओं में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

किसी भी देश की उन्नति में युवा अहम भूमिका अदा करता हैं युवा पीढ़ी को चाहिए कि वो अपनी शिक्षा के साथ साथ समाजिक एवं शिक्षेत्तर गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए देशहित में अपना अहम योगदान दे तभी कोई भी देश उन्नति के शिखर पर नए आयाम स्थापित कर सकता है। यह बात वैश्य महाविद्यालय की एनसीसी विंग के तत्वावधान में कॉलेज प्रांगण में चल रहे एनसीसी सप्ताह के तीसरे दिन पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, रंगोली प्रतियोगिता के शुभारंभ पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कही।

भिवानी। एनसीसी अधिकारियों के साथ कैडेटस।

■ शिक्षा एवं शिक्षेत्तर गतिविधिया युवावर्ग के चरित्र निर्माण में सहायक

उन्होंनें कहा कि महाविधालय के कैडेट्स हर क्षेत्र में अपनी विजय पताका लहरा रहे हैं।

आज को वैश्य महाविद्यालय के प्रांगण में एनसीसी सप्ताह मनाते हुए तीसरे दिन महाविधालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल के सानिध्य एवं एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ अनिल तंवर, ॉ मनीष कुमार व डॉ रीना के मार्गदर्शन में कैडेट्स के लिए स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिनके विषय देशभक्तिए अनेकता में एकता, युवा की भारत निर्माण में भूमिका आदि रहे।

**ये रहा परिणाम**

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मधुरानी, अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका डॉ सरिता गोयल, अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका डॉ मोनिका मित्तल ने निभाई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिमांशु, द्वितीय स्थान शिवम तंवर व तृतीय स्थान संयुक्त रूप से नेहा व नेहा बाल्मीकि ने प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग कंपटीशन में निर्णायक मंडल की भूमिका रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष सविता जैन, हिंदी विभाग की प्रवक्ता आशा रानी व सुरुचि गुप्ता ने निभाई। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा बाल्मीकि, द्वितीय स्थान दिव्या व तृतीय स्थान संयुक्त रूप से नेहा व कविता ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ अंजू राजन, डॉ वंदना वत्स तथा डॉ श्रुति रानी ने निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा व मुस्कान ने द्वितीय स्थान अंशु व प्रियंका ने तथा तृतीय स्थान नेहा सैनी व उर्वशी ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के अनेकों स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



# Poster Making, Slogan Writing & Rangoli Competition
# Dated 23-11-2022






वैश्य महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन

# रक्तदान के लिए आगे आएं युवा खून दान सबसे बड़ा दान : रितु

शिविर में 124 युवाओं ने एचबी व थीलीसीमिया का टेस्ट करवाया तथा 230 ने रक्तदान करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

वैश्य महाविद्यालय की एनसीसी विंग के तत्वावधान में महाविद्यालय प्रांगण में चल रहे एनसीसी सप्ताह के चौथे दिन वीरवार को वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एनसीसी इकाई के तत्वावधान में कॉलेज के सेमिनार हाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलसचिव रितु सिंह, वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के महासचिव डॉ पवन बुवानीवाला, प्राचार्य डॉ संजय गोयल, महाविद्यालय के स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ प्रोमिला सुहाग, कैप्टन नीरज, एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ अनिल तंवर, डॉ मनीष कुमार व डॉ मोनिका, डॉ नवीन अंचल ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करते हुए किया। रक्तदान शिविर में 124 युवाओं ने अपना एच बी टेस्ट व थीलीसीमिया का टेस्ट करवाया। 230 युवाओं ने इस अवसर पर रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। रक्तदान शिविर में 31 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रक्तदान, एच बी व थीलीसीमिया टेस्ट डॉ मोनिका, डॉ नवीन अंचल की देख रेख में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलसचिव रितु सिंह ने कहा कि रक्त की एक बूंद असहाय को नया जीवन प्रदान करती है।

रक्तदान से बढ़कर दूसरा कोई दान नहीं है। उन्होनें कहा कि रक्त की एक यूनिट 3 लोगों को जीवन दान देने का कार्य करती हैं तथा हर व्यक्तियों को कई प्रकार की बीमारियों से बचाती हैं। उन्होनें कहा कि महाविद्यालय की एन सी सी यूनिट के कैडेट्स द्वारा कैंप में की जा रही शिक्षेत्तर गतिविधियाँ सराहनीय है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने सभी अतिथियों का धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि इस तरह के कैपो से जरुरतमंदो तक रक्त पहुंचता है जो कि यह सबसे बड़ा कार्य है उन्होंने कहा कि विशेषकर युवाओं को रक्तदान के लिए तैयार रहना चाहिए। महाविद्यालय के स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ प्रोमिला सुहाग ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को खुद तो रक्तदान करना ही चाहिए बल्कि आगे भी दो लोगो को रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए।

भिवानी। रक्तदातओं को बैज लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## रक्तदान करना बड़ा पुण्य का कार्य

डॉ. पवन बुवानीवाला ने अपने सम्बोधन मे कहा कि आज युवा वर्ग ने रक्तदान कर बड़ा पुण्य का कार्य किया है । इस पहल के लिए हर युवा को आगे आना चाहिए तकि जरूरतमंद व्यक्ति को बचाया जा सके।उन्होंने कहा कि हमारे पुरोधाओं बाबू बनारसी दास गुप्ता एवं जस्टिस ठाकुर दास सुगला व प्रबुद्ध व्यक्तियों ने जिस परिकल्पना से वैश्य महाविद्यालय की स्थापना की गई थी उसी के अनुरूप वैश्य महाविद्यालय शिक्षा,समाजसेवा एवं अन्य शिक्षेतर गतिविधियों में नित नए आयाम स्थापित कर रहा हैं ।

## रक्त का दूसरा कोई विकल्प नहीं

चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के रक्तकोष की प्रभारी डॉ मोनिका व डॉ नवीन अंचल ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान महादान है,रक्तदाता स्वेच्छा से रक्तदान करके मानवता की सेवा कर सकता है। रक्तदान करने से कई बीमारियों से बचा जा सकता हैं उन्होनें कहा कि सभी चीजों का विकल्प होता है, लेकिन रक्त का दूसरा कोई विकल्प नहीं है और न ही इसे कृत्रिम रूप से बनाया जा सकता है।



# रक्त की हर बूंद असहाय को नया जीवन प्रदान करती है : ऋतु सिंह

वैश्य महाविद्यालय के शिविर में 31 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

भास्कर न्यूज | भिवानी

वैश्य महाविद्यालय की एनसीसी विंग के तत्वावधान में गुरुवार को महाविद्यालय में रक्तदान शिविर लगाया। कार्यक्रम का शुभारंभ ची. बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलसचिव ऋतु सिंह, वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के महासचिव डॉ. पवन बुवानीवाला, प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग, कैप्टन नीरज, एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ.अनिल तंवर, डॉ. मनीष कुमार व डॉ. रीना, डॉ. मोनिका व डॉ. नवीन अंचल ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करते हुए किया। शिविर में 124 युवाओं ने अपना एचबी टेस्ट व थैलीसीमिया का टेस्ट करवाया। 230 युवाओं ने रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। शिविर में 31 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रक्तदान, एचबी व थैलीसीम्मिया टेस्ट डॉ. मोनिका, डॉ. नवीन अंचल की देखरेख में किया गया।

ची. बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलसचिव ऋतु सिंह ने कहा कि रक्त की एक बूंद असहाय को नया जीवन प्रदान करती है। रक्तदान से बढ़कर दूसरा कोई दान नहीं है। उन्होनें कहा कि रक्त की एक यूनिट 3 लोगों को जीवन दान देने का कार्य करती हैं तथा हर व्यक्तियों को कई प्रकार की बीमारियों से बचाती है।

डॉ. पवन बुवानीवाला ने कहा कि आज युवा वर्ग ने रक्तदान कर बड़ा पुण्य का कार्य किया है। इस पहल के लिए हर युवा को आगे आना चाहिए ताकि जरूरतमंद व्यक्ति को बचाया जा सके। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि इस तरह के कैंपों से जरूरतमंदों तक रक्त पहुंचता है जोकि यह सबसे बड़ा कार्य है।

भिवानी। वैश्य महाविद्यालय में रक्तदाता को बैज लगाती ची. बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलसचिव ऋतु सिंह।

## राष्ट्रीय कार्यशाला आज

संविधान के प्रति निष्ठा भाव जागृत करने हेतु भारत-लोकतन्त्र की जननी विषय पर वैश्य महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के निर्देश में 25 नवंबर को राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला का विषय भारत-लोकतन्त्र की जननी है। कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रो. राजकुमार मित्तल कुलपति सीबीएलयू होंगे।




# Blood Donation Camp
# Dated 24-11-2022






**एनसीसी कैडेट्स को कॅरिअर की बारीकियों के बारे में दी जानकारी**

वैश्य कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि का स्वागत करते स्टाफ सदस्य। विज्ञप्ति

भिवानी। वैश्य महाविद्यालय में चल रहे एनसीसी सप्ताह के पांचवें दिन शुक्रवार को एसएसबी प्रोसीजर एंड कैरियर इन डिफेंस व कॅरिअर काउंसिलिंग एवं पर्सनलटी डेवलपमेंट विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में डीआरडीओ नई दिल्ली के साइंटिस्ट डॉ. सतीश कुमार, स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग ने एनसीसी कैडेट्स को कॅरिअर की बारीकियों को विस्तार से समझाया। डॉ. सतीश कुमार ने एसएसबी के इंटरव्यू साक्षात्कार की बारीकियों से एनसीसी कैडेट्स को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि हमें साक्षात्कार में कभी भी झूठ न बोलकर हमेशा सकारात्मक रवैया अपनाना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि इस तरह के सेमिनार कैडेट्स के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत का कार्य करते हैं। इस अवसर पर कैप्टन नीरज, डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. रीना, प्रो. पवन कौशिक, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. वंदना वत्स, डॉ. सतीश कुमार उपस्थित रहे। संवाद





**दृढ़ निश्चय लगन और मेहनत से आगे बढ़े कैडेट्स: डॉ. सतीश**

भास्कर न्यूज | भिवानी

वैश्य महाविद्यालय की एनसीसी विंग के तत्वावधान में एनसीसी सप्ताह के पांचवे दिन महाविद्यालय में एसएसबी प्रोसिजर एंड करियर इन डिफेंस व करियर काउंसलिंग एवं पर्सनेलिटी डेवलपमेंट विषय पर व्याख्यान किया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में डीआरडीओ नई दिल्ली के साईंटिस्ट डॉ. सतीश कुमार एवं स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग ने एनसीसी कैडेट्स को करियर की बारीकियों को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.सतीश कुमार, प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, डॉ. प्रोमिला सुहाग, कैप्टन नीरज, एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष कुमार व डॉ. रीना ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करते हुए किया। डॉ. सतीश कुमार ने एसएसबी के इंटरव्यू साक्षात्कार की बारीकियों से एनसीसी कैडेट्स को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि हमें साक्षात्कार में कभी भी झूठ न बोलकर हमेशा सकारात्मक रवैया अपनाना चाहिए।

# Extension Lecture on M.S.C., Career in Defence Dated 25-11-2022








## शिक्षित बनो, संगठित रहो ,आगे बढ़ो का नारा देने वाले सच्चे देश भक्त थे डॉ.भीम राव अंबेडकर : डॉ. संजय गोयल

**भिवानी।** डॉ भीमराव अंबेडकर ने हमेशा शोषितों, वंचितों और महिलाओं के लिए कार्य किया है। उन्होनें शिक्षित बनो, संगठित रहो ,आगे बढ़ो का नारा दिया वो वास्तव में एक सच्चे देश भक्त थे यह बात स्थानीय वैश्य महाविधालय भिवानी की एन सी सी इकाई द्वारा डॉ. बी आर अंबेडकर की 66 वी पुण्यतिथि के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र के सम्मुख श्रद्धासुमन अर्पित हुए कही।उन्होंने कहा कि बाबा साहेब मानते थे कि एक देश तब तक विकास नहीं कर सकता जब तक देश का हर वर्ग शिक्षित नहीं होगा। आज वैश्य महाविद्यालय के प्रांगण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल के सानिध्य में एनसीसी अधिकारी कैप्टन अनिल तंवर,डॉ. मनीष कुमार व डॉ. रीना के मार्गदर्शन में डॉ. बी आर अंबेडकर की 66 वी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनसीसी अधिकारी कैप्टन अनिल तंवर ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. बी आर अंबेडकर को एक कानून के विशेषज्ञ, अर्थशास्त्र के ज्ञाता, संविधान निर्माता के अलावा उन्हें दलितों का उद्धार करने वाला मसीहा माना जाता है कैप्टन अनिल तंवर ने कहा कि देश को पूर्ण जनहितैषी, कल्याणकारी और समतामूलक संविधान देकर धन्य करने वाले बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर को उनके परिनिर्वाण दिवस पर शत्-शत् नमन करते हुए हमे गर्व हो रहा हैं।उन्होंने बताया की उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देने के लिए यह आयोजन किया गया।इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी डॉ. रीना व डॉ. मनीष कुमार ने बताया कि डॉ. बाबासाहब अंबेडकर नाम से लोकप्रिय, भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे, उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। वही समतामूलक समाज की स्थापना की दिशा में किए गए उनके कार्य सदैव देशवासियों को प्रेरित करते रहेंगे।उनके संघर्षों ने लाखों लोगों को उम्मीद दी और भारत को इतना व्यापक संविधान देने के उनके प्रयासों को कभी नहीं भुलाया जा सकता है. संविधान निर्माण के काम में सबसे बड़ी भूमिका निभाने से पहले ही डॉ. अम्बेडकर ने मजदूरों और महिलाओं के हितों के लिए कई जरूरी सुधार करने का काम किया था।डॉ. अम्बेडकर ने महिला श्रमिकों को मातृत्व लाभ देने, बाल मजदूरों की सुरक्षा की दिशा में भी काम किया छुआछूत और सामाजिक भेदभाव का अंत करने के लिए उन्होंने दलित समाज के उत्थान का निर्णय लिया और इस दिशा में कार्य करना शुरू किया। बाद में बाबा साहेब संविधान सभा के अध्यक्ष बने। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर हर युवा के लिए एक मिसाल बन चुके हैं। उनके अनमोल विचार प्रेरणा बनकर जीवन संघर्ष के लिए सभी को प्रोत्साहित करते हैं। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स, समस्त स्टाफ सदस्यों को भारत की संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें देश की एकता ,अखंडता एवं बंधुत्व को बढ़ाने वाली भावना को अपने जीवन में अपनाने के लिए तथा एक अच्छे नागरिक के कर्तव्य का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग ,रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सविता जैन ,भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मधुरानी, हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा रानी, सहायक प्रवक्ता डॉ. सुरुचि गुप्ता, डॉ. पूनम, अंग्रेजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वंदना वत्स आदि उपस्थित रहे जिनके सहयोग से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ।

# Celebration of 66th Death Anniversary of Dr. B.R. Ambedkar Dated 06-12-2022






# भविष्य निर्माण के लिए आत्म प्रबंधन अत्यंत आवश्यक हैः ब्रिगेडियर हरबीर सिंह

**भिवानी(एचकेए ब्यूरो)।** वैश्य महाविद्यालय के प्रांगण में एनसीसी कैडेट्स के लिए -एक- संवाद ग्रुप कमांडर के साथ- कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ.अनिल तंवर, डॉ. मनीष कुमार ,डॉ. रीना के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर हरबीर सिंह( युद्ध सेवा मेडल) रहे। कर्नल रजनीश मेहता तथा कर्नल नीलेश झा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता,महाविद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के उप प्रधान डॉ. पवन कुमार बुवानी वाला, ट्रस्टी विजय किशन अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि, प्राचार्य , प्रबंध कारिणी समिति के सदस्यों एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित करके की गई। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए अपने व्यक्तित्व में सतत् परिवर्तन की आवश्यकता है। इसके लिए उन्हें अपने दैनिक जीवन में आमूलचूल परिवर्तन करने होंगे तथा सभी दैनिक कार्य योजनाबद्ध तरीके से संपन्न करने होंगे। हमारे जीवन का उद्देश्य दूसरों को खुश करने में है और अपने माता-पिता की खुशी से बढ़कर हमारे जीवन में कुछ भी नहीं है। अगर विद्यार्थी अपने जीवन में इस संकल्प को लेकर चलते हैं तो सफलता उनके कदम अवश्य चूमेगी। इसके लिए उन्हें अपने माता-पिता से संवाद स्थापित करना होगा तथा आसपास घटित हो रही घटनाओं के प्रति भी सजग रहना होगा। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने मुख्य अतिथियों का महाविद्यालय में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया। डॉ. पवन कुमार बुवानी वाला ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा की विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। डॉ.संजय गोयल ने समारोह मे पधारे सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि एन सी सी कैडेट्स को महापुरुषो के आदर्शों का अनुसरण करते हुए देश हित में कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने रंगोली प्रतियोगिता की कैडेट्स वंदना ,नेहा ,अंशु को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन डॉ. वंदना वत्स ने किया। इस अवसर पर दूसरे महाविद्यालयों एवं विद्यालयों से पधारे एएनओ कैप्टन सविता गोर, कैप्टन अनीता वर्मा , लेफ्टिनेंटराजेश कुमार, कैप्टन जसवंत सिंह, कैप्टनदिलबाग आदि उपस्थित रहे। जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया।



# भविष्य निर्माण के लिए आत्म प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है : ब्रिगेडियर हरबीर सिंह

अनुज राणा

SAMACHAR SEVAK समाचार सेवक

**भिवानी,**
वैश्य महाविद्यालय के प्रांगण में एनसीसी कैडेट्स के लिए एक-संवाद ग्रुप कमांडर के साथकार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ.अनिल तंवर, डॉ. मनीष कुमार ,डॉ. रीना के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर हरबीर सिंह( युद्ध सेवा मेडल ) रहे।

कर्नल रजनीश मेहता तथा कर्नल नीलेश झा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता,महाविद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के उप प्रधान डॉ. पवन कुमार बुवानी वाला, ट्रस्टी विजय किशन अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि, प्राचार्य , प्रबंध कारिणी समिति के सदस्यों एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित करके की गई। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए अपने व्यक्तित्व में सतत् परिवर्तन की आवश्यकता है। इसके लिए उन्हें अपने दैनिक जीवन में आमूलचूल परिवर्तन करने होंगे तथा सभी दैनिक कार्य योजनाबद्ध तरीके से संपन्न करने होंगे।

हमारे जीवन का उद्देश्य दूसरों को खुश करने में है और अपने माता-पिता की खुशी से बढ़कर हमारे जीवन में कुछ भी नहीं है। अगर विद्यार्थी अपने जीवन में इस संकल्प को लेकर चलते हैं तो सफलता उनके कदम अवश्य चूमेगी।

इसके लिए उन्हें अपने माता-पिता से संवाद स्थापित करना होगा तथा आसपास घटित हो रही घटनाओं के प्रति भी सजग रहना होगा।

वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने मुख्य अतिथियों का महाविद्यालय में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया।

डॉ. पवन कुमार बुवानी वाला ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा की विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

डॉ.संजय गोयल ने समारोह मे पधारे सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि एन सी सी कैडेट्स को महापुरुषो के आदर्शों का अनुसरण करते हुए देश हित में कार्य करने चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने रंगोली प्रतियोगिता की कैडेट्स वंदना ,नेहा ,अंशु को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन डॉ. वंदना वत्स ने किया। इस अवसर पर दूसरे महाविद्यालयों एवं विद्यालयों से पधारे एएनओ कैप्टन सविता गोर, कैप्टन अनीता वर्मा , लेफ्टिनेंटराजेश कुमार, कैप्टन जसवंत सिंह, कैप्टनदिलबाग आदि उपस्थित रहे। जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया।




# A Dialouge with Group Commander for NCC Cadets Dated 21-12-2022

# एनसीसी कैडेट्स देश का भविष्य: कर्नल बीर सिंह

अनुज राणा
SAMACHAR SEVAK
समाचार सेवक




**भिवानी,**
स्थानीय वैश्य महाविद्यालय भिवानी के सेमिनार हॉल में प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं महाविद्यालय एनसीसी विंग के कैप्टन अनिल तंवर डॉ. मनीष कुमार व डॉ. रीना के मार्गदर्शन में थल सेना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कर्नल बीर सिंह व कर्नल राम किशन परमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित करके की गई तत्पश्चात एनसीसी का गीत %हम सब भारतीय हैं अपनी मंजिल एक है% गाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल बीर सिंह व कर्नल राम किशन परमार ने शिरकत की।समारोह में मुख्यातिथि कर्नल बीर सिंह ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एन.सी.सी. एकता एवं अनुशासन को साथ लेकर युवाओं में नया जोश भर रहा है। युवाओं को भी चाहिए कि वो एकता एवं अनुशासन के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढे तभी उच्च पदों पर पहुचा जा सकता है।

मुख्यातिथि कर्नल राम किशन परमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह भारतीय फौजी भी कमाल के होते हैं पर्स में परिवार तो दिल में हिंदुस्तान रखते हैं इसी जज्बे को सलाम करते हुए उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को देश के लिए और समाज के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कर्नल राम किशन परमार ने बच्चों को अपने जीवन में एनसीसी के मोटो एकता और अनुशासन को अपनाने पर जोर दिया और एनसीसी कैडेट्स को शपथ दिलाई कि वह अपने जन्मदिवस पर एक पौधा अवश्य लगाएंगे।

प्राचार्य डॉ संजय गोयल के द्वारा थल सेना दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि कर्नल बीर सिंह वैश्य महाविद्यालय भिवानी के छात्र रहे है वे 1963 में एनसीसी में सीनियर अंडर ऑफिसर रहे और 1965 में एनसीसी की बदौलत ही डायरेक्टर कमीशन हासिल किया।इस अवसर पर युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका शीर्षक पर

निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी कैडेट ने इन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. रीना ने निभाईइस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्रैस प्रवक्ता ललित शर्मा ने बताया की इस प्रतियोगिता मेंबीएससी द्वितीय वर्ष की छात्राराधा ने प्रथम स्थान ,बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कविता ने द्वितीय स्थान और बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अमृता ने तृतीय स्थानप्राप्त किया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य एवं सभी एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# एन.सी.सी. कैडेट्स को देश के लिए और समाज के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया परमार ने

भिवानी, 14 जनवरी( ब्यूरो): वैश्य महाविद्यालय के सैमीनार हॉल में प्राचार्य डा. संजय गोयल के सानिध्य एवं महाविद्यालय एन.सी.सी. विंग के कैप्टन अनिल तंवर डा. मनीष कुमार व डा. रीना के मार्गदर्शन में थल सेना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कर्नल बीर सिंह व कर्नल राम किशन परमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। तत्पश्चात एन.सी.सी. का गीत हम सब भारतीय हैं, अपनी मंजिल एक है, गाया गया।




*एन.सी.सी. कैडेट्स व कर्नल राम किशन के साथ थल सेना दिवस कार्यक्रम में शिरकत करते हुए प्राचार्य एवं अन्य।*

कर्नल राम किशन परमार ने कहा कि यह भारतीय फौजी भी कमाल के होते हैं, पर्स में परिवार तो दिल में हिंदुस्तान रखते हैं। इसी जज्बे को सलाम करते हुए उन्होंने एन.सी.सी. कैडेट्स को देश के लिए और समाज के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कर्नल राम किशन परमार ने बच्चों को अपने जीवन में एन.सी.सी. के मोटो एकता और अनुशासन को अपनाने पर जोर दिया और एन.सी.सी. कैडेट्स को शपथ दिलाई कि वह अपने जन्मदिवस पर एक पौधा अवश्य लगाएंगे।

इस अवसर पर युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका शीर्षक पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एन.सी.सी. कैडेट ने इनमें बढ़-चढक़र हिस्सा लिया जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका डा. रीना ने निभाई।

महाविद्यालय के प्रैस प्रवक्ता ललित शर्मा ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष की छात्रा राधा ने प्रथम स्थान, बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा कविता ने द्वितीय स्थान और बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की छात्रा अमृता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया।

दैनिक भास्कर
भिवानी भास्कर 15-01-2023

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्रा राधा ने हासिल किया प्रथम स्थान

भास्कर न्यूज|भिवानी

वैश्य महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं महाविद्यालय एनसीसी विंग के कैप्टन अनिल तंवर डॉ. मनीष कुमार व डॉ. रीना के मार्गदर्शन में थल सेना दिवस मनाया। कार्यक्रम में कर्नल बीर सिंह व कर्नल राम किशन परमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि कर्नल बीर सिंह ने कहा कि एनसीसी एकता एवं अनुशासन को साथ लेकर युवाओं में नया जोश भर रहा है।

युवाओं को भी चाहिए कि वो एकता एवं अनुशासन के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े तभी उच्च पदों पर पहुंचा जा सकता है। कर्नल राम किशन परमार ने कहा कि भारतीय फौजी भी कमाल के होते हैं पर्स में परिवार तो दिल में हिंदुस्तान रखते हैं। इसी जज्बे को सलाम करते हुए उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को देश के लिए और समाज के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कैडेट्स को शपथ दिलाई कि वह अपने जन्मदिवस पर एक पौधा अवश्य लगाएंगे। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने थल सेना दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका शीर्षक पर निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. रीना ने निभाई। महाविद्यालय के प्रेस प्रवक्ता ललित शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा राधा ने प्रथम स्थान, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कविता ने द्वितीय स्थान और बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अमृता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## Programme on Army Day
## Dated 14-01-2023



# एनसीसी कैडेट्स सार्जेंट ओजस व सार्जेंट नकुल का वैश्य कॉलेज में स्वागत

**जगत क्रान्ति ⏭ भिवानी (ब्यूरो)**

एन.सी.सी डीटीई के तत्वावधान में उत्तराखंड देहरादून में आयोजित अखिल भारतीय एनसीसी ट्रेकिंग अभियान बॉयज-2023 में वैश्य महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने परचम लहराया है। वैश्य महाविद्यालय में पहुंचने पर इन कैडेट्स को प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, एनसीसी ऑफिसर कैप्टन अनिल तंवर, डॉ. मनीष कुमार एवं डॉ. रीना ने महाविद्यालय परिवार की और से बधाई दी और भविष्य में ऐसे ही शिविर में प्रतिभागिता करते हुए वैश्य महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि वैश्य महाविद्यालय भिवानी



की एनएसएस इकाई के सार्जेंट ओजस व सार्जेंट नकुल ने उत्तराखंड में 2 जनवरी से 9 जनवरी तक आयोजित ट्रैकिंग कैंप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए वैश्य महाविद्यालय का नाम रोशन किया जिसके लिए उन्हें प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

दैनिक भास्कर भिवानी भास्कर 21-01-2023

# वैश्य महाविद्यालय के कैडेट्स को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित



**भिवानी|** देहरादून में संपन्न अखिल भारतीय एनसीसी ट्रेकिंग अभियान बॉयज-2023 में वैश्य महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने परचम लहराया है।

वैश्य महाविद्यालय में पहुंचने पर इन कैडेट्स को प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, एनसीसी ऑफिसर कैप्टन अनिल तंवर, डॉ. मनीष कुमार एवं डॉ. रीना ने महाविद्यालय परिवार की और से शुभकामनाएं दी और भविष्य में ऐसे ही महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज की एनएसएस इकाई के सार्जेंट ओजस व सार्जेंट नकुल ने उत्तराखंड में ट्रैकिंग कैंप में बेहतरीन प्रदर्शन किया जिसके लिए उन्हें प्रशंसा पत्र प्रदान किया।

## Felicitation Ceremony of NCC cadets Sargent Ojus & Nakul Dated 20-01-2023



## भारतवासियों को एकता के सूत्र में बाधता है गणतंत्र दिवस : अजय

**यहां** वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्रांगण में ट्रस्ट द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं, वैश्य महाविद्यालय, वैश्य मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, वैश्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल और वैश्य प्राइमरी स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्रांगण में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि वैश्य महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता के साथ उपाध्यक्ष डा. पवन बुवानीवाला, प्रबंध समिति के महासचिव सुरेश गुप्ता, ट्रस्टी विजय किशन अग्रवाल, प्राचार्य डा. संजय गोयल, स्वपोषित विभाग की डायरैक्टर डा. प्रोमिला सुहाग, वैश्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल के डायरैक्टर महेश गर्ग, प्राचार्य आशा अवस्थी, वैश्य मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल की प्राचार्या कमला गुरेजा एवं वैश्य प्राइमरी स्कूल के प्राचार्य विजय गुप्ता, एन.सी.सी. अधिकारी डा. (कैप्टन) अनिल तंवर, डा. मनीष कुमार व डा. रीना ने शिरकत की। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पित करने के पश्चात् राष्ट्रीयगान की धुन के साथ ध्वजारोहण किया गया। समारोह में महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने अथितियो की अगवाई की। इसके पश्चात् ध्वजारोहण के साथ अतिथियों ने परेड का निरीक्षण किया। समारोह में मंच का सफल संचालन डा. वंदना वत्स ने किया।

मुख्यातिथि वैश्य महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे देश की एकता, सम्मान और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर ने राष्ट्र को सम्पूर्ण संविधान देते हुए सभी को समानता का अधिकार दिया जो कि भारत को एकता एवं अखंडता में पिरोता है।

हर नागरिक का कर्तव्य है कि अपनी कथनी और करनी में अंतर न रखते हुए सदैव राष्ट्रहित में कार्य करे। मार्च-पास्ट में विजयी रही टुकड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।



*समारोह के दौरान एन.सी.सी. कैडेट्स को ट्राफी भेंट करते हुए प्राचार्य व ट्रस्टी।*



## एकता के सूत्र में बाधता है गणतंत्र दिवस : गुप्ता

**भिवानी।** वैश्य महाविद्यालय प्रांगण में ट्रस्ट द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं वैश्य महाविद्यालय, वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल और वैश्य प्राइमरी स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से वैश्य महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया। मुख्यतिथि वैश्य महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता के साथ उपाध्यक्ष डॉ. पवन बुवानीवाला, महासचिव सुरेश गुप्ता, ट्रस्टी विजयकिशन अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, डॉ. प्रोमिला सुहाग, वैश्य स्कूल के डायरेक्टर महेश गग, प्राचार्य आशा अवस्थी, वैश्य मॉडल स्कूल की प्राचार्या कमला गुरेजा आदि ने शिरकत की।



# Flag Hosting & Cultural Programs on the Occasion of Republic Day





नी-भूमि हरिभूमि 12

# आनलाइन राष्ट्रीय पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

किसी भी देश की उन्नति में युवा अहम भूमिका अदा करता हैं युवा पीढ़ी को चाहिए कि वे अपनी शिक्षा के साथ साथ समाजिक एवं शिक्षेत्तर गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए देशहित में अपना अहम योगदान दे तभी कोई भी देश उन्नति के शिखर पर नए आयाम स्थापित कर सकता है यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एनसीसी विंग के तत्वावधान में आयोजित आनलाइन राष्ट्रीय पोस्टर प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कही। उन्होंने कहा कि महाविधालय के छात्र हर क्षेत्र में अपनी विजय पताका लहरा रहे हैं। वैश्य महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं एनसीसी इकाई के इंचार्ज कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष कुमार व डॉ. रीना के मार्गदर्शन में ऑनलाइन राष्ट्रीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र झारखंड जम्मू-कश्मीर, गुजरात व हरियाणा के विश्वविद्यालयों से 68 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका एनसीसी अधिकारी कैप्टन सविता गौड, डॉ. सुनील दत्त एसोसिएट प्रोफेसर जम्मू कश्मीर, डॉ. सतविंदर कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर राजीव गांधी गवर्नमेंट कॉलेज भिवानी ने निभाई।

**यूपी की अनिष्का व भिवानी की खुशी ने मारी बाजी**

प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की छात्रा अनिष्का सोलंकी व वैश्य महाविद्यालय भिवानी छात्रा खुशी जांगड़ा ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, भेरूलाल पाटीदार पीजी कॉलेज महू मध्य प्रदेश की छात्रा कनक पांचाल व वैश्य महाविद्यालय भिवानी की छात्रा अनीशा ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान, वैश्य महाविद्यालय भिवानी के छात्र शिवम तंवर व नेहरू कॉलेज झज्जर के छात्र दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। उन्होनें बताया कि प्रतिभागियों की कला को देखते हुए निर्णायक मंडल ने केशव शांताराम्भव गोल्फ कॉलेज शिवली महाराष्ट्र की छात्रा राजश्री व इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी की छात्रा वृंदा सैनी को संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान पर विजयी घोषित किया।

**नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य**

महाविद्यालय की एन सी सी इकाई के प्रभारी डॉ. अनिल तंवर ने बताया कि वैश्विक स्तर पर महिलाओं को सम्मानित करने एवं नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इसे मनाए जाने की शुरुआत संयुक्तराष्ट्र महासभा द्वारा 8 मार्च 1975 को हुई थी। इस वर्ष का थीम एडिजिटऑल: इन्नोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फॉर जेंडर इक्वलिटी है। इसी वजह से महाविद्यालय की एनसीसी इकाई ने ऑनलाइन राष्ट्रीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने एनसीसी इकाई के समस्त अधिकारियों को बधाई दी और भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया।






हरियाणा की आवाज़

**शिक्षा एवं शिक्षेत्तर गतिविधियाँ युवा वर्ग के चरित्र निर्माण एवं व्यक्तिगत विकास में सहायक: डॉ.संजय गोयल**

**वैश्य महाविद्यालय की एन सी सी ईकाई द्वारा किया गया आनलाइन राष्ट्रीय पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन**

**राष्ट्रीय पोस्टर प्रतियोगिता में अनिष्का सोलंकी व खुशी जांगड़ा ने मारी बाजी**




# Online National Level Poster Making Competition on the Occasion of International Women's Day Dated 10-03-2023






# Awareness Rally on “Beti-Bachao, Beti-Padhao” Dated 27-03-2023



आज समाज 03
भिवानी, गुरुवार, 06 अप्रैल, 2023

## वृक्ष जीवन का मूल आधार : डॉ. संजय गोयल



पौधरोपण करते वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल व अन्य गणमान्य लोग।

■ वैश्य महाविद्यालय में एनसीसी यूनिट द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**भिवानी।** वृक्ष जीवन का मूल आधार हैं। संसार के प्रत्येक जीव का जीवन वृक्षों और पौधों से जुड़ा हुआ हैं। आज बढ़ रहे प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण का संरक्षण करना भी बहुत जरूरी है इसके लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने की जरूरत है यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एनसीसी यूनिट द्वारा नए वित्तीय वर्ष के आगमन पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने कही। उन्होनें कहा कि आज वृक्षों की अंधाधुंध कटाई के कारण विनाशक परिणाम सामने आ रहे हैं इसी के कारण हमें घटता-बढ़ता तापमान, आंधी, तूफान, बाढ़, सूखा, भूमिक्षरण, जैसी विभिषिकाओं से जूझना पड़ रहा हैं। आज वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एनसीसी यूनिट द्वारा नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष एवं डॉ. रीना के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत नीम, पीपल और कनेर के वृक्ष लगाए गए। आज 11 हरियाणा बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर रघुवीर कर्नल रघुवीर सिंह के निदेर्शानुसार देशभक्तों की प्रतिमाओं को गोद लेने की कड़ी में महाविधालय की एनसीसी यूनिट द्वारा लाला लाजपत राय चौक पर लगी लाला लाजपत राय जी की प्रतिमा को गोद लिया व प्रतिमा की साफ सफाई की।इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष एवं डॉ. रीना ने जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, डॉ.सुधा चौहान, डॉ.हरिकेश पंघाल, एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष, डॉ. रीना, कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

## वृक्ष जीवन का मूल आधार :डॉ. संजय गोयल

अनुज राणा
samacharsevak@gmail.com

SAMACHAR SEVAK
समाचार सेवक



**भिवानी-**

**वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एनसीसी यूनिट द्वारा नए वित्तीय वर्ष के आगमन पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित।**

**एन सी सी बटालियन के निर्देशानुसार देशभक्तों की प्रतिमाओं को गोद लेने की कड़ी में महाविधालय की एनसीसी यूनिट द्वारा लाला लाजपत राय चौक पर लगी लाला लाजपत राय जी की प्रतिमा को लिया गोद।**

वृक्ष जीवन का मूल आधार हैं। संसार के प्रत्येक जीव का जीवन वृक्षों और पौधों से जुड़ा हुआ हैं।

आज बढ़ रहे प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण का संरक्षण करना भी बहुत जरूरी है इसके लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने की जरूरत है यह बात

वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एनसीसी यूनिट द्वारा नए वित्तीय वर्ष के आगमन पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने कही।

उन्होनें कहा कि आज वृक्षों की अंधाधुंध कटाई के कारण विनाशक परिणाम सामने आ रहे हैं इसी के कारण हमें घटता-बढ़ता तापमान, आंधी, तूफान, बाढ़, सूखा, भूमिक्षरण, जैसी विभिषिकाओं से जूझना पड़ रहा हैं

आज वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एनसीसी यूनिट द्वारा नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष एवं डॉ. रीना के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत नीम, पीपल और कनेर के वृक्ष लगाए गए।

आज 11 हरियाणा बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रघुवीर सिंह के निर्देशानुसार देशभक्तों की प्रतिमाओं को गोद लेने की कड़ी में महाविधालय की एनसीसी यूनिट द्वारा लाला लाजपत राय चौक पर लगी लाला लाजपत राय जी की प्रतिमा को गोद लिया व प्रतिमा की साफ सफाई की।इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष एवं डॉ. रीना ने

कैडेट्स को वृक्षारोपण के महत्व के बारे में बताया। उन्होनें कहा कि वृक्षारोपण से प्रकृति का सौंदर्य बढ़ता है।प्रकृति की सुंदरता का राज वृक्ष ही हैं क्योंकि वृक्षों के बिना प्राकृतिक दृश्यों का कोई महत्व नहीं है इसलिए वृक्षों की रक्षा करना और वृक्षारोपण करना प्रत्येक मनुष्य का धर्म होना चाहिए।उन्होनें एनसीसी कैडेट्स को लाला लाजपत राय के जीवन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल,डॉ.सुधाचौहान,डॉ.हरिकेश पंघाल,एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष, डॉ. रीना,कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।



# Tree Plantation
# Dated 05-04-2023





दैनिक भास्कर भिवानी भास्कर 24-04-2023

## शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखें : डॉ. संजय

भिवानी|सरहद की रक्षा करते हुए हजारों भारतीय सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की। मगर देश की युवा पीढ़ी शहीदों, स्वाधीनता संग्राम के सेनानियों और उनके योगदान को भूलती जा रही है। युवा वर्ग को चाहिए कि वो शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखें। यह बात वैश्य महाविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर अमर शहीदों एवं पर्यावरण को समर्पित एक दिवसीय शिविर के शुभारंभ पर प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कही। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष एवं डॉ. रीना के मार्गदर्शन में एक दिवसीय शिविर किया।

## देश के शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखे युवा पीढ़ी : डॉ. संजय गोयल

जगत क्रान्ति ⏭ भिवानी

भारत की सरहद की रक्षा करते हुए हमारी भारतीय सेना के हजारों भारतीय सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की। मगर देश की युवा पीढ़ी शहीदों, स्वाधीनता संग्राम के सेनानियों और उनके योगदान को भूलती जा रही है। युवा वर्ग को चाहिए कि वो शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखें यह बात स्थानीय वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एनसीसी इकाई द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर अमर शहीदों एवं पर्यावरण को समर्पित एक दिवसीय शिविर के शुभारंभ अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कैडेट्स को सम्बोधित करतें हुए कहे। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की एन सी सी इकाई के द्वारा अमर शहीदों एवं पर्यावरण को समर्पित एक दिवसीय शिविर सराहनीय कदम है।

आज वैश्य महाविद्यालय की एन सी सी इकाई के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष एवं डॉ. रीना के मार्गदर्शन में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने अमर शहीद प्रताप सिंह की प्रतिमा जो बापोड़ा गांव में स्थापित है को गोद लेते हुए प्रतिमा स्थल पर साफ-सफाई करते हुए वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर सभी ने शहीद के पिता गजराज सिंह का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर अमर शहीद प्रताप सिंह के पिता जुगराज ने एनसीसी कैडेट्स के सराहनीय कार्य को देखते हुए उन्हें मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अमर शहीद प्रताप सिंह के साथी सूबेदार उदयवीर सिंह भी मौजूद रहे जिन्होंने अमर शहीद प्रताप सिंह की वीर गाथा से अवगत करवाया।




# One Day Camp Dedicated to "Immortal Martyrs & Environment" on World Earth Dated 23-04-2023





Celebration of International Labour day
Dated 01-05-2023



# मनुष्य के कार्य उन्नति के शिखर तक पहुंचाने में सहायक : डॉ. संजय गोयल

**जगत क्रान्ति ⏭ भिवानी (ब्यूरो)**

स्थानीय वैश्य महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट रीना के लिए कैन बैटन सेरेमनी का आयोजन किया गया। लेफ्टिनेंट रीना के महाविद्यालय पहुंचने पर अंडर ऑफिसर नकुल तंवर, अंडर ऑफिसर नेहा बाल्मीकि द्वारा एस्कॉर्ट प्रदान की गई। तदोपरांत उनके सम्मान में महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसको संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि मनुष्य द्वारा किसी भी रूप में किए गए कार्य उनके उन्नति के शिखर तक पहुंचाने में अहम कार्य करते है। उनके एक लंबे समय के बाद महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट हो अपना दूसरा एनसीसी अधिकारी मिला है। लेफ्टिनेंट रीना सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर है और उन्होंने एनएसएस में भी बहुत सराहनीय काम किया था।हम आशा करते हैं कि वह एनसीसी में भी कैप्टन डॉ.अनिल तंवर के सानिध्य में महाविद्यालय की एनसीसी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। इसी श्रृंखला में कैप्टन डॉ. अनिल तंवर द्वारा लेफ्टिनेंट रीना को बैटन कैन प्रदान की गई।



अपने संबोधन में लेफ्टिनेंट रीना ने कहा मुझे जो दायित्व दिया गया है उसे मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करने का प्रयास करूंगी। इस अवसर पर सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास कल्याण विभाग दर्शना देवी, एनसीसी यूनिट के प्रभारी कैप्टन डॉ. अनिल तंवर,डॉ. मनीष कुमार, वैश्य महाविद्यालय के स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग और वैश्य महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**हरियाणा की आवाज़**

# मनुष्य द्वारा किए गए कार्य उनके उन्नति के शिखर तक पहुंचाने में सहायक : डॉ.संजय गोयल

## वैश्य महाविद्यालय में एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट रीना के लिए कैन बैटन सेरेमनी का हुआ आयोजन



**भिवानी(एचकेए ब्यूरो)।** स्थानीय वैश्य महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट रीना के लिए कैन बैटन सेरेमनी का आयोजन किया गया। लेफ्टिनेंट रीना के महाविद्यालय पहुंचने पर अंडर ऑफिसर नकुल तंवर, अंडर ऑफिसर नेहा बाल्मीकि द्वारा एस्कॉर्ट प्रदान की गई। तदोपरांत उनके सम्मान में महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसको संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि मनुष्य द्वारा किसी भी रूप में किए गए कार्य उनके उन्नति के शिखर तक पहुंचाने में अहम कार्य करते है उनके एक लंबे समय के बाद महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट हो अपना दूसरा एनसीसी अधिकारी मिला है। लेफ्टिनेंट रीना सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर है और उन्होंने एनएसएस में भी बहुत सराहनीय काम किया था।हम आशा करते हैं कि वह एनसीसी में भी कैप्टन डॉ.अनिल तंवर के सानिध्य में महाविद्यालय की एनसीसी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। इसी श्रृंखला में कैप्टन डॉ. अनिल तंवर द्वारा लेफ्टिनेंट रीना को बैटन कैन प्रदान की गई। अपने संबोधन में लेफ्टिनेंट रीना ने कहा मुझे जो दायित्व दिया गया है उसे मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करने का प्रयास करूंगी। विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनूप लता झांझरिया ने कहा कि लैफ्टिनेट रीना ने हमें गौरवान्वित किया है और मुझे उम्मीद है कि इनके नेतृत्व में वैश्य महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। इस अवसर पर मंच का सफल संचालन डॉ. वंदना वत्स के द्वारा किया गया।इस अवसर पर सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास कल्याण विभाग दर्शना देवी, एनसीसी यूनिट के प्रभारी कैप्टन डॉ. अनिल तंवर,डॉ. मनीष कुमार, वैश्य महाविद्यालय के स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग और वैश्य महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




# Cane Batton Ceremony Dated 24-05-2023

दैनिक भास्कर

भिवानी भास्कर 11-01-2023

# हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में शुरू हुआ वैश्य महाविद्यालय का एनएसएस कैंप

भास्कर न्यूज | भिवानी

आत्मिक भावना से की गई सेवा ही वास्तव में सच्ची सेवा है। स्वयंसेवकों को सेवा के असल मायने समझने होंगे जिसके लिए स्वयंसेवक सच्ची भावना से कार्य करते हुए आगे बढ़ें।

यह बात हनुमान ढाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में वैश्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत लगाए जाने वाले सात दिवसीय विशेष शिविर के शुभारंभ पर वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने कहा। उन्होंने कहा कि एनएसएस के नाम की सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब स्वयंसेवक मानवता के कल्याण हेतु निस्वार्थ भाव से कार्य करें। उनको चाहिए कि वे अपनी पर्सनेलिटी को निखारकर जीवन का लक्ष्य निर्धारण कर पूरे जज्बे के साथ आगे बढ़कर लक्ष्य प्राप्त करें। एनएसएस शिविर का शुभारंभ हनुमान जोहड़ी मंदिर प्रांगण में



भिवानी। हनुमान जोहड़ी मंदिर प्रांगण में एनएसएस शिविर के शुभारंभ पर मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करते गणमान्य नागरिक।

हवन के साथ किया। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने मुख्य अतिथि, चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के डीन विद्यार्थी कल्याण एवं एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. सुरेश मलिक एवं हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम के बाल योगी महंत चरणदास ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं एनएसएस का गीत गाकर किया। इस अवसर पर पीसीसीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया, डॉ. कामना कौशिक, डॉ. नरेंद्र सिंह, प्राध्यापक सुरेंद्र दलाल, प्राध्यापिका डॉ.चंदना यादव, डॉ.मधु गुप्ता, डॉ.पूनम वर्मा, डॉ.सरिता गोयल, कमल भारद्वाज व ललित शर्मा आदि ने शिरकत की।

# सच्ची भावना से की गई सेवा ही सच्ची सेवा : शिवरत्न गुप्ता



हवन के साथ एनएसएस शिविर का शुभारंभ करते हुए गणमान्य। • छाया।

जागरण संवाददाता, भिवानी : आत्मिक भावना से की गई सेवा ही वास्तव में सच्ची सेवा है। स्वयंसेवकों को सेवा के असल मायने समझने होंगे जिसके लिए स्वयंसेवक सच्ची भावना से कार्य करते हुए आगे बढ़ें। यह बात हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर में वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 के अन्तर्गत लगाए जाने वाले सात दिवसीय विशेष शिविर के शुभारम्भ अवसर पर वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट बाबू शिवरत्न गुप्ता ने कही। सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हनुमान मंदिर के प्रांगण में हवन यज्ञ के साथ किया गया। इस अवसर पर वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने मुख्य अतिथि, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के डीन विद्यार्थी कल्याण एवं एनएसएस कोऑर्डिनेटर डा. सुरेश मलिक एवं हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर धाम के महंत चरणदास महाराज ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भागीदारी की। शिविर का आयोजन वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय गोयल के सानिध्य में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई-1 की प्रभारी डा. कामना कौशिक की देख रेख में किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं एनएसएस का गीत गाकर किया गया। शिविर के शुभारंभ पर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र, महाविद्यालय के एनएसएस इकाई-1 की कार्यक्रम अधिकारी डा. कामना कौशिक, महाविद्यालय के डीन कालेज डा. नरेंद्र सिंह, प्राध्यापक सुरेंद्र दलाल, प्राध्यापिका डा. चंदना यादव, डा. मधु गुप्ता, डा. पूनम वर्मा, डा. सरिता गोयल, डा. रेनू, डा. सुरुचि गुप्ता, डा. मोनिका मित्तल, चेतना, प्राध्यापक सुनील कुमार, महाविद्यालय के प्रेस प्रवक्ता ललित शर्मा, अमित राठौर एवं कालेज के स्टाफ सदस्यों व स्वयंसेवकों ने भागीदारी की।


NATIONAL SERVICE SCHEME
A SCHEME SPONSORED BY
GOVT. OF INDIA MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS & SPORTS
Vaish College, Bhiwani

## हनुमान मंदिर धाम में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित

# हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही महिलाएं : डॉ. प्रोमिला

- विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

हमें बेटियों को भार नहीं मानना है क्योंकि आज महिलाएं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं। हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति भी यही कहती है कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता'। ये बात हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर धाम में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के एनएसएस कोर्डिनेटर एवं डीन विद्यार्थी कल्याण डॉ. सुरेश मलिक एवं वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के संयुक्त दिशा निर्देशन व शिविर की संयोजिका एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. कामना कौशिक की देखरेख में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए आज की मुख्य वक्ता एवं वैश्य महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित विभाग की डॉयरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग ने कहीं। उन्होंने स्वयंसेवकों को महिलाओं के अधिकारों से संबंधित अहम पहलुओं पर अनेक महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवकों को कहा कि जिंदगी में कामयाबी के लिए आत्मविश्वास एवं लक्ष्य का निर्धारण का बहुत बड़ा योगदान होता है। आज शिविर के दूसरे दिन शिविर का शुभारम्भ हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर धाम के महंत चरणदास, वैश्य महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग, लायंस क्लब भिवानी सिटी के प्रधान अशोक तायल, सचिव पंकज गोयल, पूर्व प्रधान प्रमोद मित्तूका, वरिष्ठ सदस्य संजय अग्रवाल, महाविद्यालय की एन एस एस ईकाई-1की प्रभारी डॉ. कामना कौशिक, महाविद्यालय के प्रेस प्रवक्ता ललित शर्मा एवं अमित राठौड़ के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस का गीत गाकर किया गया। पंकज गोयल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है।

लायंस क्लब के सदस्यो द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सराहनीय सेवाओं के लिए वैश्य महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग एवं महाविद्यालय की एनएसएस ईकाई-1की प्रभारी डॉ. कामना कौशिक को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर की संयोजिका एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. कामना कौशिक की देख रेख में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक विभिन्न विधाओं में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। शिविर में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।



भिवानी। शिक्षिका को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

---

दैनिक भास्कर भिवानी भास्कर 12-01-2023

# हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं महिलाएं

## स्वयंसेवकों को गो ग्रास का दिलाया संकल्प

भास्कर न्यूज | भिवानी

हमें बेटियों को भार नहीं मानना है क्योंकि आज महिलाएं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं। हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति भी यही कहती है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता।

यह बात हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में मुख्य वक्ता एवं वैश्य महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग ने कही। इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवकों को महिलाओं के अधिकारों से संबंधित अहम पहलुओं पर अनेक महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवकों को कहा कि जिंदगी में कामयाबी के लिए आत्मविश्वास एवं लक्ष्य का निर्धारण का बहुत बड़ा योगदान होता है।

बुधवार को शिविर का शुभारंभ हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम के महंत चरणदास, डॉ. प्रोमिला सुहाग, लायंस क्लब भिवानी सिटी के प्रधान अशोक तायल, पंकज गोयल, प्रमोद मित्तूका, संजय अग्रवाल, डॉ. कामना कौशिक, ललित शर्मा एवं अमित राठौड़ ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। लायंस क्लब भिवानी सिटी के सचिव पंकज गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। क्लब सदस्यों ने वैश्य महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग एवं एनएसएस ईकाई-1 की प्रभारी डॉ. कामना कौशिक को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सांयकालीन सत्र में महंत चरणदास महाराज ने स्वयंसेवकों को गऊ ग्रास का संकल्प दिलाते हुए गऊ ग्रास के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयंसेवकों को आशीर्वाद देते हुए स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। शिविर में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया।


NATIONAL SERVICE SCHEME
A SCHEME SPONSORED BY
GOVT. OF INDIA MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS & SPORTS
Vaish College, Bhiwani
SEVEN DAYS ECIAL CAMP
Save the girl child
BHARAT
GAP

हरियाणा की आवाज़ | आसपास समाचार

# वैश्य महाविद्यालय के सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का शुभारंभ



# स्वामी विवेकानन्द के जीवन से प्रेरणा ले राष्ट्र निर्माण में योगदान दें युवा: सांसद धर्मवीर सिंह



भिवानी(एसकेएस ब्यूरो)। स्वामी विवेकानन्द ने सम्पूर्ण विश्व को एक नई राह दिखाई। उन्होंने सम्पूर्ण मानव कल्याण की अलख जगाई। युवाओं को उनके जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।यह बात स्थानीय हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर धाम में चौ.बंसीलाल विश्वविद्यालय के एनएसएस कोऑर्डिनेटर एवं डीन विद्यार्थी कल्याण डॉ. सुरेश मलिक एवं वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल के संयुक्त दिशा निर्देशन व शिविर की संयोजिका एवं एनएसएस अधिकारी डॉ.कामना कौशिक की देख रेख में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए, भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा से सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने अमेरिका स्थित शिकागो में सन् 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। भारत का आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वेदांत (वेदान्त) दर्शन अमेरिका और यूरोप के हर एक देश में स्वामी विवेकानन्द की वक्तृता के कारण ही पहुँचा। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी। वे रामकृष्ण परमहंस के सुयोग्य शिष्य थे। उन्हें 2 मिनट का समय दिया गया था लेकिन उन्हें प्रमुख रूप से उनके भाषण की शुरुआत -मेरे अमेरिकी बहनों एवं भाइयों- के साथ करने के लिये जाना जाता है।उनके संबोधन के इस प्रथम वाक्य ने सबका दिल जीत लिया था उनके ओजस्वी वाक्य आज भी युवाओं के प्रेरणादायी है।उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कार और संस्कृति सर्वोच्च एवं सर्वश्रेष्ठ है। हम सबने मिलकर पुनः भारत को विश्व गुरु बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि 11 सितंबर 1893 को शिकागो की सर्व धर्म सभा में भारतीय संस्कृति का शंखनाद स्वामी विवेकानन्द ने किया। उनकी जयंती पर मनाया जाने वाला युवा दिवस हमारे हृदय, मस्तिष्क एवं शरीर को मार्गदर्शित एवं आनन्दित कर रहा है। कन्या कुमारी के उनकी कथा शिला स्मारक पर जाकर देश का प्रत्येक युवा उनके आदर्शों की अनुभूति करना चाहता है।उन्होंने स्वयंसेवकों को इस शिविर के माध्यम से जनसेवा प्रकल्पों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का संदेश दिया। आज शिविर के तीसरे दिन शिविर का शुभारम्भ मुख्यातिथि भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा से सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह,हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर धाम के महंत चरणदास,वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल,महाविद्यालय की एन एस एस ईकाई-1की प्रभारी डॉ. कामना कौशिक,राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित युवा शक्ति के प्रेरणा स्त्रोत अशोक भारद्वाज, रेडक्रॉस सोसायटी से पधारे संजय कामरा,शैली मित्तल, कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज, महाविद्यालय के प्रैस प्रवक्ता ललित शर्मा एवं अमित राठौड़ के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं स्वयंसेवकों द्वारा एन.एस.एस. का गीत गाकर किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित युवा शक्ति के प्रेरणा स्त्रोत अशोक भारद्वाज ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस) भारत सरकार, युवा मामलों और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसे औपचारिक रूप से 24 सितंबर, 1969 को शुरू किया गया।

13-01-2023 Motivational speech by MP Sh.Dharambir Singh


NATIONAL SERVICE
Vaish College, Bhiwani
SEVEN DAYS SPECIAL CAMP
UNIT-1
STOP

Ty

# सुरेश गुप्ता को मानद डॉक्टरेट की उपाधि के साथ स्वर्ण पदक सम्मान



# स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा ले कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें युवा : धर्मवीर



## युवा आगे बढ़ेगा तो देश बढ़ेगा : चेतनदास



## स्वामी विवेकानंद के विचार व नव चेतना का संचार करते रहेंगे : [illegible]



## 'उठो जागो और तब तक रुको नहीं, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए'



## स्वामी जी का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक : [illegible]

# मानवता के कल्याण के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करें : डा. बुवानीवाला



बाबा जहरगिरी आश्रम में उपस्थित वैश्य महाविद्यालय के विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। विज्ञप्ति

भिवानी। बाबा जहरगिरी आश्रम में वैश्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो के अंतर्गत लगाए जाने वाले सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। डॉ. पवन बुवानीवाला ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक मानवता के कल्याण के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करें।

डॉ. सुरेश गुप्ता ने कहा कि स्वयंसेवक अपने आप पर विश्वास रखकर आगे बढ़े व शिविर में की जाने वाली हर गतिविधियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों बढ़-चढ़ कर भागीदारी करे। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य सेवा भावना एवं अनुशासन को ध्यान में रखते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है।

शिविर में स्वयंसेवकों को शिविर की सात दिनों तक चलने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर वैश्य महाविद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष डॉ. पवन कुमार बुवानीवाला, महासचिव डॉ. सुरेश गुप्ता, प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. प्रोमिला सुहाग, महाविद्यालय के प्रेस प्रवक्ता ललित शर्मा, अमित राठोड़, धीरज एवं महाविद्यालय की एनएसएस इकाई दो की प्रभारी डॉ. आशा नेहरा मौजूद रहे। संवाद

13-01-2023 inauguration of NSS Camp

स्वयंसेवकों ने पोस्टर मेकिंग के माध्यम से किया लोगों को जागरूक

# स्वामी विवेकानन्द के जीवन से प्रेरणा ले राष्ट्र निर्माण में योगदान दें युवा : सांसद धर्मवीर सिंह

देश तंत्र









# नॉट मी बट यू

अनुज राणा

SAMACHAR SEVAK
समाचार सेवक













भिवानी.

# राष्ट्र में सामाजिक चेतना की अलख जगाते हैं स्वयंसेवक:घनश्याम सर्राफ

## राष्ट्र के सामाजिक विकास में एनएसएस स्वयं सेवकों का महत्वपूर्ण योगदान :डॉ. ऋतु सिंह

अनुज राणा

SAMACHAR SEVAK
समाचार सेवक













भिवानी.

# एनसीसी कैडेट्स देश का भविष्य: कर्नल बीर सिंह

अनुज राणा। SAMACHAR SEVAK समाचार सेवक




**भिवानी,**

स्थानीय वैश्य महाविद्यालय भिवानी के सेमिनार हॉल में प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं महाविद्यालय एनसीसी विंग के कैप्टन अनिल तंवर डॉ. मनीष कुमार व डॉ. रीना के मार्गदर्शन में थल सेना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कर्नल बीर सिंह व कर्नल राम किशन परमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित करके की गई तत्पश्चात एनसीसी का गीत हम सब भारतीय हैं अपनी मंजिल एक है गाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल बीर सिंह व कर्नल राम किशन परमार ने शिरकत की। समारोह में मुख्यातिथि कर्नल बीर सिंह ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एन.सी.सी. एकता एवं अनुशासन को साथ लेकर युवाओं में नया जोश भर रहा है। युवाओं को भी चाहिए कि वो एकता एवं अनुशासन के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े तभी उच्च पदों पर पहुंचा जा सकता है।

मुख्यातिथि कर्नल राम किशन परमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह भारतीय फौजी भी कमाल के होते हैं घरों में परिवार तो दिल में हिंदुस्तान रखते हैं इसी जज्बे को सलाम करते हुए उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को देश के लिए और समाज के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कर्नल राम किशन परमार ने बच्चों को अपने जीवन में एनसीसी के मोटो एकता और अनुशासन को अपनाने पर जोर दिया और एनसीसी कैडेट्स को शपथ दिलाई कि वह अपने जन्मदिवस पर एक पौधा अवश्य लगाएंगे।

प्राचार्य डॉ संजय गोयल के द्वारा थल सेना दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि कर्नल बीर सिंह वैश्य महाविद्यालय भिवानी के छात्र रहे है वे 1963 में एनसीसी में सीनियर अंडर ऑफिसर रहे और 1965 में एनसीसी की बदौलत ही डायरेक्टर कमीशन हासिल किया इस अवसर पर युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका शीर्षक पर

निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी कैडेट ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. रीना ने निभाई इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्रैस प्रवक्ता ललित शर्मा ने बताया की इस प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा राधा ने प्रथम स्थान, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कविता ने द्वितीय स्थान और बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अमृता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य एवं सभी एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

13-01-2023 distribution of woolen clothes by NSS volunteers

# वैश्य महाविद्यालय एन एस एस इकाई एक ने दादरी गेट स्थित अपना घर आश्रम में रह रहे वृद्धजनों को किए गर्म वस्त्र वितरित

# हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता-डॉ. करण पुनिया


अनुज राणा। SAMACHAR SEVAK समाचार सेवक















भिवानी

## मेरे शहर में



छायाकार: नवीन कुमार (भिवानी)

# लोहड़ी पर्व के अवसर पर वैश्य महाविद्यालय भिवानी के रेडक्रॉस प्रकोष्ठ द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों को सर्दी से बचने के लिए किए जैकेट वितरित





# देश को उन्नति के शिखर तक ले जा सकता है युवा : गुप्ता



जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए विधायक घनश्याम सर्राफ व डा. सुरेश गुप्ता।

## नशामुक्ति व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ थीम पर जागरूकता रैली निकाल कर दिया संदेश

भिवानी, 13 जनवरी (ब्यूरो): युवा अपनी ऊर्जा को देश को सशक्त एवं विकसित बनाने के लिए प्रयोग करें तभी देश को उन्नति के शिखर तक ले जाया जा सकता है।

यह बात हनुमान ढाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय गोयल के दिशा निर्देशन व शिविर की संयोजिका एवं एन.एस.एस. अधिकारी डा. कामना कौशिक की देखरेख में चल रहे 7 दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए प्रबंधक समिति के महासचिव डा. सुरेश गुप्ता ने कही।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी नशे से दूर रहते हुए केवल पढ़ाई की ओर ध्यान देते हुए अपने भविष्य का में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में नई-नई तकनीकी सामने आ रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक घनश्याम सराफ ने करते हुए युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने हुए कहा कि आज केंद्र व प्रदेश में सरकार के द्वारा अनेक प्रकार की योजनाएं व नीतियां आगे लाई जा रही हैं, ताकि युवा स्वावलम्बी तो हो सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर युवाओं के अंदर सामाजिक और देशभक्ति की भावना पैदा करता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय गोयल ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा मानव जीवन को खोखला कर देता है हम सभी को नशे से दूर रहना चाहिए तभी हम अपने देश को नशा मुक्त भारत बनाकर एक सशक्त भारत का स्वपन देख सकते हैं।

इसी शृंखला में शिविर में बेस्ट थॉट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। सम्पूर्ण दिवस में मंच का संचालन स्वयंसेविका छवि अग्रवाल व उदित के द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों को किया सम्बोधित

# देश को उन्नति के शिखर तक ले जा सकता है युवा: सुरेश

हरिभूमि न्यूज >> भिवानी

युवा अपनी ऊर्जा को देश को सशक्त एवं विकसित बनाने के लिए प्रयोग करें तभी देश को उन्नति के शिखर तक ले जाया जा सकता है यह बात हनुमान ढाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के दिशा निर्देशन व शिविर की संयोजिका एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. कामना कौशिक की देख रेख में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव डॉ. सुरेश गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी नशों से दूर रहते हुए केवल पढ़ाई की ओर ध्यान देते हुए अपने भविष्य का में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में





भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए व एनएसएस कैडेट की रैली को रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

नई-नई तकनीकी सामने आ रही है। इसलिए हमें समय के मुताबिक अपने आप को ढालना चाहिए, उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को उच्च कोटि का दर्जा दिलाती है। इसलिए हम शिक्षा के साथ साथ इस प्रकार के कार्यक्रमों से भी जुड़ना चाहिए, ताकि हम समाज और राष्ट्र की धुरी से जुड़ सकें। कहा कि समाज में अनेक प्रकार की कुप्रथाएं जन्म ले रही है। इसलिए युवाओं को इस प्रकार के कार्यक्रम कुप्रथाओं से बचाने का काम भी करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने की। घनश्याम सर्राफ ने युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि आज केंद्र व प्रदेश में सरकार के द्वारा अनेक प्रकार की योजनाएं व नीतियां आगे लाई जा रहे है, ताकि युवा स्वावलंबी तो हो सकें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर युवाओं के अंदर सामाजिक और देशभक्ति की भावना पैदा करता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मानव जीवन को खोखला कर देता है हम सभी को नशों से दूर रहना चाहिए तभी हम अपने देश को नशा मुक्त भारत बनाकर एक सशक्त भारत का स्वपन देख सकते है।

### एनएसएस का लोक गीत गाकर किया शिविर का शुभारंभ

आज शिविर के चौथे दिन शिविर का शुभारंभ [illegible] वैश्य महाविद्यालय [illegible] डॉ. सुरेश गुप्ता, हनुमान ढाणी स्थित हनुमान जोहड़ी धाम के [illegible] वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, [illegible] डॉ. कामना कौशिक [illegible] अनेक [illegible] महाविद्यालय [illegible] द्वारा [illegible] गीत गाकर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

14-01-2023  Speech on IT technology

Type

# वैश्य कॉलेज की एकेडमिक काउंसिल की विवरणिका का किया विमोचन



भिवानी। वैश्य कॉलेज की एकेडमिक काउंसिल की विवरणिका का विमोचन करते विधायक घनश्यामदास सर्राफ, शिवरतन गुप्ता, डॉ. पवन बुवानीवाला व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ›› भिवानी

■ एआईएफयूसीटीओ शिक्षकों के वेतनमान, सेवा शर्तों एवं अधिकारों के प्रहरी का कर रहा काम

वैश्य कॉलेज की 32वीं एआईएफयूसीटीओ एकेडमिक कांग्रेस 17 से 19 मार्च को कुरुक्षेत्र में आयोजित की जाएगी, जिसके उद्घाटन सत्र का संबोधन महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय करेंगे। इसी क्रम में एकेडमिक काउंसिल से संबंधित विवरणिका का विमोचन शुक्रवार को विधायक घनश्यामदास सर्राफ, वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता, डॉ पवन बुवानीवाला व सुरेश गुप्ता महासचिव, प्राचार्य डॉ. संजय गोयल की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर एआईएफयूसीटीओ के नॉर्थ जोन के सचिव डॉ नरेंद्र चाहर ने बताया कि ये देश के 1000000 यूनिवर्सिटी एवं कॉलेज टीचर्स का प्रतिनिधित्व करता है। पिछले 65 वर्षों से ये प्रयास कर रहा है कि देश के विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक उच्च शिक्षा प्राप्त हो, इसके साथ साथ ये उच्च शिक्षा के शिक्षकों के वेतनमान तथा सेवा शर्तों तथा अधिकारों के प्रहरी के तौर पर काम करता है। आज तक उच्च शिक्षण संस्थानों में जितने भी वेतनमान लागू हुए हैं सब एआईएफयूसीटीओ के संघर्षों का परिणाम है। इस मौके पर हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के महासचिव डॉ राजेंद्र सिंह ने बताया कि एकेडमिक कांग्रेस हरियाणा में पहली बार कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर होने जा रही है, जिसमें पूरे देश से लगभग 1200 प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है।

# विभिन्न शिक्षण संस्थाओं द्वारा मनाया गया लोहड़ी पर्व

## प्रतिभावान विद्यार्थियों को दी कैरियर [illegible]

[illegible]



## दुल्ला भट्टी वाला की कहानी बताई

[illegible]





## गायों को खिलाया हरा चारा व गुड़



[illegible]

## अध्यापकगण व विद्यार्थियों ने अग्नि में मूंगफली व गज्जक डाल आहुति दी



[illegible]



[illegible]

14-01-2023 Celebration of Lohri

# देश को उन्नति के शिखर तक ले जा सकता है युवा : सुरेश गुप्ता

## नशा मुक्ति व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर निकाली जागरूकता रैली

जगत क्रांति ⏭ भिवानी (ब्यूरो)

युवा अपनी ऊर्जा को देश को सशक्त एवं विकसित बनाने के लिए प्रयोग करें तभी देश को उन्नति के शिखर तक ले जाया जा सकता है। यह बात यहां हनुमान ढाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के दिशा निर्देशन व शिविर की संयोजिका एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. कामना कौशिक की देख रेख में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव डॉ.सुरेश गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी नशे से दूर रहते हुए केवल पढ़ाई की ओर ध्यान देते हुए अपने भविष्य का में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में नई-नई तकनीकी सामने आ रही है। इसलिए हमें समय के मुताबिक अपने आप को ढालना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को उच्च कोटि का दर्जा दिलाती है। इसलिए हम शिक्षा के साथ-साथ इस प्रकार के कार्यक्रमों से भी जुड़ना चाहिए, ताकि हम समाज और राष्ट्र की दूरी से जुड़ सकें। कहा कि समाज में अनेक प्रकार की बुराइयां जन्म ले रही है। इसलिए युवाओं को इस प्रकार के कार्यक्रम बुराइयों से बचाने का काम भी करते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने की। आज शिविर के चौथे दिन शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव डॉ.सुरेश गुप्ता, हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर धाम के महंत चरणदास, वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, महाविद्यालय की एन एस एस ईकाई-1की प्रभारी डॉ. कामना कौशिक, राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित युवा शक्ति के प्रेरणा स्त्रोत अशोक भारद्वाज, कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज, महाविद्यालय के प्रैस प्रवक्ता ललित शर्मा एवं अमित राठौड़ के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं स्वयंसेवकों द्वारा एन.एस.एस. का लोक गीत गाकर किया गया।



14-01-2023 Rally on drugs awareness

भिवानी भास्कर 14-01-2023

# नशा मुक्ति व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ थीम पर निकाली जागरूकता रैली

### शिविर में बेस्ट थॉट प्रतियोगिता आयोजित

भास्कर न्यूज | भिवानी

युवा अपनी ऊर्जा को देश को सशक्त एवं विकसित बनाने के लिए प्रयोग करें तभी देश को उन्नति के शिखर तक ले जाया जा सकता है। यह बात हनुमान ढाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव डॉ. सुरेश गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी नशे से दूर रहते हुए केवल पढ़ाई और ध्यान देते हुए अपने भविष्य का मार्ग प्रशस्त करें। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि नशा मानव जीवन को खोखला कर देता है हम सभी को नशे से दूर रहना चाहिए। स्वयंसेवकों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशे को भगाओ देश बचाओ, नारी आगे बढ़ेगा तभी देश आगे बढ़ेगा थीम व नशा मुक्ति अभियान पर जागरूकता रैली निकाली जिसे महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव सुरेश गुप्ता, विधायक घनश्याम सर्राफ एवं महंत चरणदास महाराज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली के माध्यम से आम जन को जागरूक किया तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया। शिविर में बेस्ट थॉट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया। संपूर्ण दिवस में मंच संचालन स्वयंसेवक छवि अग्रवाल व उदित ने किया। कार्यक्रम समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।




भिवानी। एनएसएस के विशेष शिविर के दौरान सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, एनएसएस अधिकारी डॉ.कामना कौशिक व कमल भारद्वाज।

## हरियाणा की आवाज़

# राष्ट्र में सामाजिक चेतना की अलख जगाते हैं स्वयंसेवक :घनश्याम सर्राफ




भिवानी। एनएसएस वॉलंटियर्स राष्ट्र एवं समाज सेवा की भावना से पूर्ण रूप से समर्पित होकर राष्ट्र में सामाजिक चेतना की अलख जगाते हैं। यह बात स्थानीय हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर धाम में वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल के दिशा निर्देशन व शिविर की संयोजिका एवं एनएसएस अधिकारी डॉ.कामना कौशिक की देख रेख में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे पूर्व मंत्री भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए उद्घाटन के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए सामाजिक जागृति का होना जरूरी है।किसी भी राष्ट्र का सामाजिक ढांचा जितना अधिक मजबूत और जागृत होगा वह राष्ट्र भी उतना ही सशक्त और जागृत होगा।उन्होंने कहा कि हमें अपने संसाधनों का सदुपयोग कर प्रकृति से मैत्रीपूर्ण भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम पंचकोश के सिद्धांत को अपनाकर जीवन को आनंदमय बना सकते हैं। उन्होंने पंचकोश के सिद्धांत पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्वयं सेवकों से आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित में बेहतर सामाजिक विकास में पूर्ण सहभागिता कर राष्ट्र निर्माण के भागी बनें।उन्होंने कहा कि एनएसएस वॉलंटियर्स नॉट मि बट यू के सिद्धांत पर राष्ट्रीय सेवा कार्य का सामाजिक जागृति पैदा करते हैं। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी के सहायक योग प्रवक्ता डॉ. सुनील कुमार भारद्वाज ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है, क्योंकि स्वस्थ जीवन का पहला सुख उसकी निरोगी काया ही होती है। इसलिए, अपनी जीवनशैली को सफल बनाने के लिए योग को अपने जीवन में अपनाते हुए स्वस्थ जीवन जिए। उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया कि पौष्टिक व संतुलित आहार एक ऐसा आहार होता है जो शरीर को जरूरी पोषक तत्व देने में मदद करता है। इन पोषक तत्वों में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा जैसे पौष्टिक तत्व मौजूद होते हैं। इनमें विटामिन और खनिज जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। वैश्य महाविद्यालय भिवानी के इतिहास के सह प्रवक्ता डॉ. सुरेंद्र दलाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीदों के महान त्याग और बलिदान से ही आजादी का बहुमूल्य उपहार मिला है। स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा का योगदान भी महान रहा है। 1857 की क्रांति सबसे पहले अंबाला छावनी से शुरू हुई थी। यह प्रतीक है उन अद्भुत बलिदान गाथाओं का, जिनसे हमारी आजादी के संघर्ष का इतिहास भरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि यहां हरियाणावासियों को भी गर्व है कि यहां के वीरों ने न केवल स्वतंत्रता आंदोलन में बल्कि स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत भी देश की सीमाओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हरियाणा के बहादुरों ने स्वतंत्रता संग्राम, 1962, 1965 और 1971 के विदेशी आक्रमणों व ऑपरेशन कारगिल युद्ध के दौरान देश की एकता और अखंडता की रक्षा की। शिविर की संयोजिका एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. कामना कौशिक की देख रेख में के प्रति जागरूक किया गया।शिविर की संयोजिका एवं एनएसएस अधिकारी डॉ कामना कौशिक की देख रेख एच आई वी (एड्स) के विषय में विस्तार से बताया।इस अवसर पर एच आई वी (एड्स) विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।इस शिविर में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक विभिन्न प्रकल्पों में बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं। आज के संपूर्ण दिवस में मंच का संचालन स्वयंसेविका छवि अग्रवाल व डॉली के द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

# राष्ट्र के सामाजिक विकास में एनएसएस का महत्वपूर्ण योगदान : डॉ. ऋतु सिंह

जगत क्रान्ति ⏭ भिवानी (ब्यूरो)



राष्ट्र के सामाजिक विकास में स्वयं सेवकों का महत्वपूर्ण योगदान है एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को एक दूसरे से व्यवहारिक रूप से जानने एवं सीखने का अवसर मिलता है। यह बात सिद्ध पीठ बाबा जहर गिरी आश्रम में वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के दिशा निर्देशन व शिविर की संयोजिका एवं एनएसएस ईकाई 2 की अधिकारी डॉ. आशा नेहरा की देख रेख में चल रहे वैश्य महाविद्यालय की एन एस एस ईकाई-2 के सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के दूसरे दिन मुख्य अतिथि चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह ने कही उन्होंने कहा कि एनएसएस राष्ट्र एवं समाज के लिए अच्छे नागरिक तैयार करने के साथ साथ स्वयं सेवकों का सर्वांगीण विकास करता है।

स्वयं सेवक व्यवहारिक रूप में इस तरह के विशेष शिविरों से बहुत कुछ सीखते हैं जो उनके जिंदगी भर काम आता है। शिविर के तीसरे दिन शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह, वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, महाविद्यालय की एन एस एस ईकाई-2 की प्रभारी डॉ. आशा नेहरा, डॉ. विपिन गुप्ता, रेडक्रॉस सोसायटी से पधारे संजय कामरा के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस का गीत व भजन सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु करते हैं हम शुरू आज काम प्रभु गाकर किया गया।

14-01-2023 motivational speech to NSS volunteer

# राष्ट्र में सामाजिक चेतना की अलख जगाते स्वयंसेवक : घनश्याम सर्राफ

**जगत क्रान्ति ▸▸ भिवानी (ब्यूरो)**




एनएसएस वॉयलेंटियर्स राष्ट्र एवं समाज सेवा की भावना के पूर्ण रूप से समर्पित होकर राष्ट्र में सामाजिक चेतना की अलख जगाते हैं। यह बात स्थानीय हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर धाम में वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के दिशा निर्देशन व शिविर की संयोजिका एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. कामना कौशिक की देख रेख में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर में बतौर मुख्यातिथि विधायक घनश्याम सर्राफ ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए उद्घाटन के अवसर पर कहे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए सामाजिक जागृति का होना जरूरी है।किसी भी राष्ट्र का सामाजिक ढांचा जितना अधिक सशक्त और जागृत होगा वह राष्ट्र भी उतना नहीं सशक्त और जागृत होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने संसाधनों का सदुपयोग कर प्रकृति से मैत्रीपूर्ण भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम पंचकोष के सिद्धांत को अपनाकर जीवन को आनंदमय बना सकते हैं। उन्होंने पंचकोष के सिद्धांत पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्वयं सेवकों से आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित में बेहतर सामाजिक विकास में पूर्ण सहभागिता कर राष्ट्र निर्माण के भागी बनें। उन्होंने कहा कि एनएसएस वॉयलेंटियर्स नॉट मि बट यू के सिद्धांत पर राष्ट्रीय सेवा कार्य कर सामाजिक जागृति पैदा करते हैं। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी के सहायक योगा प्रवक्ता डॉ. सुनील कुमार भारद्वाज ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है, क्योंकि मनुष्य जीवन का पहला सुख उसकी निरोगी काया ही होती है।

# एन.सी.सी. कैडेट्स को देश के लिए और समाज के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया परमार ने



एन.सी.सी. कैडेट्स व कर्नल राम किशन के साथ थल सेना दिवस कार्यक्रम में शिरकत करते हुए प्राचार्य एवं अन्य।

भिवानी, 14 जनवरी(ब्यूरो): वैश्य महाविद्यालय के सैमीनार हॉल में प्राचार्य डा. संजय गोयल के सानिध्य एवं महाविद्यालय एन.सी.सी. विंग के कैप्टन अनिल तंवर डा. मनोष कुमार व डा. रीना के मार्गदर्शन में थल सेना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कर्नल बीर सिंह व कर्नल राम किशन परमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। तत्पश्चात एन.सी.सी. का गीत हम सब भारतीय हैं, अपनी मंजिल एक है, गाया गया।

कर्नल राम किशन परमार ने कहा कि यह भारतीय फौजी भी कमाल के होते हैं, पर्स में परिवार तो दिल में हिंदुस्तान रखते हैं। इसी जज्बे को सलाम करते हुए उन्होंने एन.सी.सी. कैडेट्स को देश के लिए और समाज के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कर्नल राम किशन परमार ने बच्चों को अपने जीवन में एन.सी.सी. के मोटो एकता और अनुशासन को अपनाने पर जोर दिया और एन.सी.सी. कैडेट्स को शपथ दिलाई कि वह अपने जन्मदिवस पर एक पौधा अवश्य लगाएंगे।

इस अवसर पर युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका शीर्षक पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एन.सी.सी. कैडेट ने इनमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका डा. रीना ने निभाई।

महाविद्यालय के प्रैस प्रवक्ता ललित शर्मा ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष की छात्रा राधा ने प्रथम स्थान, बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा कविता ने द्वितीय स्थान और बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की छात्रा अमृता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया।

भिवानी भास्कर 15-01-2023

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्रा राधा ने हासिल किया प्रथम स्थान

भास्कर न्यूज़ | भिवानी

वैश्य महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं महाविद्यालय एनसीसी विंग के कैप्टन अंकित तंवर, डॉ. मनीष कुमार व डॉ. रैना के मार्गदर्शन में थल सेना दिवस मनाया। कार्यक्रम में कर्नल बीर सिंह व कर्नल राम किशन पालवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि कर्नल बीर सिंह ने कहा कि एनसीसी एकता एवं अनुशासन को साथ लेकर युवाओं में नया जोश भर रहा है।

युवाओं को भी चाहिए कि वो एकता एवं अनुशासन के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े तभी उच्च पदों पर पहुंच जा सकता है। कर्नल राम किशन पालवा ने कहा कि भारतीय फौजी भी कमाल के होते हैं घरों में परिवार तो दिल में हिंदुस्तान रखते है। इसी जज्बे को सलाम करते हुए उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को देश के लिए और समाज के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कैडेट्स को शपथ दिलाई कि वह अपने जन्मदिवस पर एक पौधा अवश्य लगाएंगे। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने थल सेना दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका शीर्षक पर निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. रैना ने निभाई। महाविद्यालय के प्रेस प्रवक्ता ललित शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा राधा ने प्रथम स्थान, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कविता ने द्वितीय स्थान और बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अनुष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# राष्ट्र में सामाजिक चेतना की अलख जगाते हैं स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एनएसएस वॉलंटियर्स राष्ट्र एवं समाज सेवा की भावना के पूर्ण रूप से समर्पित होकर राष्ट्र में सामाजिक चेतना की अलख जगाते हैं। यह बात हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर धाम में वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के दिशा निर्देशन व शिविर की संयोजिका एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. कामना कौशिक की देख रेख में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे पूर्व मंत्री भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए उद्घाटन के अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए सामाजिक जागृति का होना जरूरी है। किसी भी राष्ट्र का सामाजिक ढांचा जितना अधिक सशक्त और जागृत होगा वह राष्ट्र भी उतना वही सशक्त और जागृत होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने संसाधनों का सदुपयोग कर प्रकृति से मैत्रीपूर्ण भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम पंचकोष के सिद्धांत को अपनाकर जीवन को आनंदमय बना सकते हैं। उन्होंने पंचकोष के सिद्धांत पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्वयं सेवकों से आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित में बेहतर सामाजिक विकास में पूर्ण सहभागिता कर राष्ट्र निर्माण के भागी बनें। उन्होंने कहा कि एनएसएस वॉलंटियर्स नॉट मि बट यू के सिद्धांत पर राष्ट्रीय सेवा कार्य कर सामाजिक जागृति पैदा करते हैं। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी के सहायक योगा प्रवक्ता डॉ. सुनील कुमार भारद्वाज ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है, क्योंकि मनुष्य जीवन का पहला सुख उसकी निरोगी काया ही होती है। इसलिए अपनी जीवनशैली को सफल बनाने के लिए योगा को अपने जीवन में अपनाते हुए स्वच्छ जीवन जिए।




भिवानी। उद्घाटन में मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए।

## शहीदों के बलिदान से ही मिला आजादी का उपहार

वैश्य महाविद्यालय भिवानी के इतिहास के सह प्रवक्ता डॉ. सुरेंद्र दलाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीदों के महान त्याग और बलिदान से ही आजादी का बहुमूल्य उपहार मिला है। स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा का योगदान भी महान रहा है। 1857 की क्रांति सबसे पहले अंबाला छावनी से शुरू हुई थी। यह प्रतीक है उन अद्भुत बलिदान गाथाओं का, जिनसे हमारी आजादी के संघर्ष का इतिहास भरा पड़ा है। शिविर की संयोजिका एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. कामना कौशिक की देख रेख में के प्रति जागरूक किया गया शिविर की संयोजिका एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. कामना कौशिक की देख रेख एच आई वी एड्स के विषय में विस्तार से बताया। इस अवसर पर एचआईवी एड्स विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक विभिन्न प्रकल्पों में बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं।

# राष्ट्र के सामाजिक विकास में स्वयं सेवकों का महत्वपूर्ण योगदान: डॉ. ऋतु सिंह

भिवानी 14 जनवरी 2023. राष्ट्र के सामाजिक विकास में स्वयं सेवकों का महत्वपूर्ण योगदान है एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को एक दूसरे से व्यावहारिक रूप से जानने एवं सीखने का अवसर मिलता है यह बात सिद्ध पीठ बाबा जहर गिरि आश्रम में वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल के दिशा निर्देशन व शिविर की संयोजिका एवं एनएसएस ईकाई 2 की अधिकारी डॉ.आशा मेहता की देख रेख में चल रहे वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एन एस एस ईकाई -2 के सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के दूसरे दिन मुख्य अतिथि चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. ऋतु सिंह ने कही. उन्होंने कहा कि एनएसएस राष्ट्र एवं समाज के लिए अच्छे नागरिक तैयार करने के साथ साथ स्वयं सेवकों का सर्वांगीण विकास करता है व स्वयं सेवक व्यावहारिक रूप में इस तरह के विशेष शिविरों से बहुत कुछ सीखते हैं जो इनके जिंदगी भर काम आता है।

आज शिविर के तीसरे दिन शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. ऋतु सिंह, वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल,महाविद्यालय की एन एस एस ईकाई (2) प्रभारी डॉ.आशा मेहता, डॉ.विनीता गुप्ता, [illegible] के द्वारा [illegible]



सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं स्वयंसेवकों द्वारा एन.एस.एस. का गीत व भजन सुनाकर [illegible] लेकर तेरा नाम प्रभु करते हैं हम शुरू आज काम प्रभु गाकर किया गया।

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी एवं कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. आशा मेहता ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए बताया कि कि सिद्ध पीठ बाबा जहर गिरि आश्रम के प्रांगण में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत [illegible] विषय पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम अधिकारी [illegible] ने [illegible] संबोधित करते हुए एनएसएस [illegible] जानकारी दी [illegible] राष्ट्रीय सेवा योजना के [illegible] प्रेरित किया। डॉ. आशा मेहता ने मुख्य अतिथि चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. ऋतु सिंह के [illegible] पर प्रकाश डाला [illegible] स्वागत किया डॉ. विनीता गुप्ता ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित किया।



# हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्कता-डॉ. करण पुनिया

मोहन मिश्रा

भिवानी। स्वस्थ शरीर के लिए शुद्ध खान पान का सेवन अत्यंत आवश्यक है विद्यार्थियों को चाहिए कि वो शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखें [illegible] हनुमान मंदिर धाम में वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल के दिशा निर्देशन व शिविर की संयोजिका एवं एनएसएस अधिकारी डॉ.कामना कौशिक की देख रेख में चल रहे ईकाई 1 के सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए [illegible] डॉ.करण पुनिया एवं डॉ वंदना पुनिया ने कही उन्होंने कहा कि [illegible] स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ भोजन का होना बहुत जरूरी है [illegible]



का संपूर्ण विकास होता है।

शिविर में आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ अपना सर्वांगीण विकास करता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को इस शिविर के माध्यम से [illegible] में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का संदेश दिया।

आज शिविर में मुख्य रूप से [illegible] डॉ.करण पुनिया, डॉ. वंदना पुनिया,भिवानी -महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर की धर्मपत्नी श्रीमती मान्नू देवी,[illegible] वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल, [illegible] वैश्य महाविद्यालय की एन एस एस ईकाई-1की प्रभारी डॉ. कामना कौशिक,[illegible] ने शिरकत की।

शिविर का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं स्वयंसेवकों द्वारा एन.एस.एस. का गीत गाकर किया गया।

शिविर के चौथे दिन के [illegible] में स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए अशोक भारद्वाज ने कहा कि किस प्रकार हम राष्ट्र विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर अपने जीवन को [illegible] [illegible]

भिवानी -महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर की धर्मपत्नी श्रीमती मान्नू देवी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविरों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

शिविर के छठे दिन

[illegible]

डॉ. कामना कौशिक ने बताया कि इस शिविर में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई 1 के स्वयंसेवक [illegible] में बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं।

# देश को उन्नति के शिखर तक ले जा सकता है युवाः सुरेश गुप्ता

## नशा मुक्ति व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर जागरूकता रैली निकाल कर दिया संदेश

**भिवानी। चेतना संवाददाता।**

युवा अपनी ऊर्जा को देश को सशक्त एवं विकसित बनाने के लिए प्रयोग करें तभी देश को उन्नति के शिखर तक ले जाया जा सकता है यह बात स्थानीय हनुमान ढाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल के दिशा निर्देशन व शिविर की संयोजिका एवं एनएसएस अधिकारी डॉ.कामना कौशिक की देख रेख में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव डॉ.सुरेश गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी नशे से दूर रहते हुए केवल पढ़ाई की ओर ध्यान देते हुए अपने भविष्य का में आगे बढ़े। उन्होंने



कहा कि आधुनिक समय में नई-नई तकनीकी सामने आ रही है। इसलिए हमें समय के मुताबिक अपने आप को ढालना चाहिए, उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को उच्च कोटि का दर्जा दिलाती है। इसलिए हम शिक्षा के साथ-साथ इस प्रकार के कार्यक्रमों से भी जुड़ना चाहिए,ताकि हम समाज और राष्ट्र की दूरी से जुड़ सकें। कहा कि समाज में अनेक प्रकार की बुराइयां जन्म ले रही है। इसलिए युवाओं को इस प्रकार के कार्यक्रम बुराइयों से बचाने का काम भी करते हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता भिवानी के विधायक घनश्याम सराफ ने की। घनश्याम सराफ ने युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि आज केंद्र व प्रदेश में सरकार के द्वारा अनेक प्रकार की योजनाएं व नीतियां आगे लाई जा रहे हैं ,ताकि युवा स्वाबलंबी तो हो सके । उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर युवाओं के अंदर सामाजिक और देशभक्ति की भावना पैदा करता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मानव जीवन को खोखला कर देता है हम सभी को नशे से दूर रहना चाहिए तभी हम अपने देश को नशा मुक्त भारत बनाकर एक सशक्त भारत का स्वपन देख सकते हैं।

---

# हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सुचेत रहने की आवश्कता : डा. पूनिया



*अपना घर आश्रम में वृद्धजनों के लिए गर्म वस्त्र प्रदान करते प्राचार्य एवं स्वयंसेवक।*

**एन.एस.एस. इकाई एक ने दादरी गेट स्थित अपना घर आश्रम में रह रहे वृद्धजनों के लिए गर्म वस्त्र वितरित**

भिवानी, 15 जनवरी( ब्यूरो): स्वस्थ शरीर के लिए शुद्ध खान-पान का सेवन अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वह शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखें ताकि वह बेहतर स्वास्थ्य जीवन जी सकें।

यह बात हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर धाम में वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय गोयल के दिशा निर्देशन व शिविर की संयोजिका एवं एन.एस.एस. अधिकारी डा.कामना कौशिक की देखरेख में चल रहे एन.एस.एस. इकाई-1 के शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए चिकित्सक डा. करण पूनिया एवं डा. वंदना पूनिया ने कही।

उन्होंने कहा कि उचित दिनचर्या का भी जीवन में अहम स्थान है। स्वस्थ शरीर के लिए स्वच्छ भोजन का होना बहुत जरूरी है व विद्यार्थी जीवन में अच्छे स्वास्थ्य में संतुलित आहार अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि इस दौरान बच्चे के मस्तिष्क का संपूर्ण विकास होता है।

शिविर में मुख्य रूप से सांसद की पत्नी मंजू देवी, रंजीत सिंह सिरसा, महंत चरणदास, प्राचार्य डा. संजय गोयल, कला अध्यापक सुभाष चंद्र, प्रो.धीरज मिश्रा ने शिरकत की।

जीन्द, सोमवार 16 जनवरी, 2023
www.jagatkranti.co.in

# हर व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के प्रति रहे सचेत : डॉ. करण पूनिया

■ वैश्य कॉलेज एनएसएस इकाई एक ने आश्रम में वितरित किए गर्म वस्त्र

जगत क्रांति ▸▸ भिवानी



स्वस्थ शरीर के लिए शुद्ध खान पान का सेवन अत्यंत आवश्यक है विद्यार्थियों को चाहिए कि वो शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखें ताकि वो बेहतर स्वास्थ्य जीवन जी सके यह बात स्थानीय हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर धाम में वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के दिशा निर्देशन व शिविर की संयोजिका एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. कामना कौशिक की देख-रेख में चल रहे ईकाई 1 के सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए हुए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.करण पुनिया एवं डॉ वंदना पुनिया ने कही उन्होंने कहा कि उचित दिनचर्या का भी जीवन में अहम स्थान है। स्वस्थ शरीर के लिए स्वच्छ भोजन का होना बहुत जरूरी है व विद्यार्थी जीवन में अच्छे स्वास्थ्य में संतुलित आहार अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि इस दौरान बच्चे के मस्तिष्क का संपूर्ण विकास होता है। शिविर में आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ अपना सर्वांगीण विकास करता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को इस शिविर के माध्यम से जनसेवा प्रकल्पों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संदेश दिया।

आज शिविर में मुख्य रूप से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. करण पुनिया, डॉ. वंदना पुनिया, भिवानी -महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर की धर्मपत्नी मन्जू देवी, समाज सम्मान सेवा के क्षेत्र में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाने वाले पर्यावरण प्रेमी रंजीत सिंह सिरसा, वरिष्ठ हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर धाम के महंत चरणदास, वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, कला अध्यापक सुभाष चंद, प्रो. धीरज जिंदल, महाविद्यालय की एन एस एस ईकाई-1 की प्रभारी डॉ. कामना कौशिक, राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित युवा शक्ति के प्रेरणा स्त्रोत अशोक भारद्वाज, ने शिरकत की।

## सबका साथ-सबका विकास सिद्धांत

# आमजन स्वच्छता के प्रति जागरूक होगा तो ही स्वच्छ भारत का स्वपन साकार होगा : डा. गोयल

## एन.एस.एस. यूनिट 2 ने सिद्ध पीठ बाबा जहरगिरि आश्रम में चलाया स्वच्छता अभियान

भिवानी, 15 जनवरी( ब्यूरो): यदि हमें स्वस्थ रहना है तो जीवन में स्वच्छता को गहराई से अपनाना होगा। इसके साथ साथ स्वयंसेवक आमजन को भी जागरूक करें, तभी स्वच्छ भारत के स्वपन को साकार किया जा सकता है।

यह बात सिद्ध पीठ बाबा जहरगिरि आश्रम में स्वयं सेवकों द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के दौरान वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय गोयल ने कही। शिविर की संयोजिका एवं एन.एस.एस. ईकाई 2 की कार्यक्रम अधिकारी डा. आशा नेहरा की देखरेख में चल रहे शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा एन.एस.एस. का गीत व भजन गाए गए।



*शिविर के दौरान स्वयंसेवक कार्यक्रम अधिकारी व अन्य प्रोफैसर्स के साथ।*

इस अवसर पर विस्तृत व्याख्यान के लिए कैमिस्ट्री विभाग की विभागाध्यक्ष डा. सविता जैन ने आंतरिक शुद्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने अंत:करण को शुद्ध रखना चाहिए और अपनी ऊर्जा को संगठित कर अपने लक्ष्य पर केंद्रित करना चाहिए तभी हम अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं।

वक्ता गणित विभाग की प्रोफैसर डा. सीमा बंसल ने विस्तृत व्याख्यान के माध्यम से इच्छा शक्ति के महत्व को बताते हुए कहा कि अगर हम दृढ़ इच्छाशक्ति से कुछ लक्ष्य निर्धारित करते हैं तो हमें उसे पूरा करने से उसे कोई नहीं रोक सकता।


राधिका धाम, भिवानी
8764396819, 7015300073, 8307835151
वैश्य महाविद्यालय, भिवानी
राष्ट्रीय सेवा योजना
जागरूकता अभियान कार्यक्रम
आत्मनिर्भर भारत अभियान
अम्बिका
क्लॉथ एम्पोरियम

दैनिक भास्कर भिवानी भास्कर 16-01-2023

